# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 06 मार्च, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 65, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 195 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स 195 अंक के नुकसान में रहा। } 11

## कर्नाटक सरकार पर जमकर बरसे जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पाक समर्थक नारे के मुद्दे पर कर्नाटक सरकार और उसके नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा अगर कर्नाटक में कुछ भी मुफ्त उपलब्ध है तो वह आतंकवाद है। } 12

### संक्षेप

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपति गिरफ्तार

प्रयागराज। यूपी एटीएस ने प्रयागराज से कृपा शंकर सिंह और उसकी पत्नी बिंदा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस ने प्रयागराज से नक्सली गतिविधियों में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, दोनों रिश्ते में पति-पत्नी हैं। दरअसल थाना एटीएस लखनऊ में साल 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें सभी आरोपियों पर देशभर में हो रही नक्सली वारदातों में शामिल होने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्तों मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। **(विस्तृत भीतर)**

## अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर (उप्र)। जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनायेगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने यहां बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइनबाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आरोप लगाया गया था कि विक्रम ने अपने दो साथियों के साथ पहले उनका अपहरण किया और फिर उन्हें पूर्व सांसद धनंजय सिंह के आवास पर ले गया। सिंघल ने आरोप लगाया था कि वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली।

## सड़क हादसों में छह लोगों की मौत

लखनऊ। शाहजहांपुर और कौशांबी जिले में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि दस लोग घायल हो गए जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना कलान क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर गांव में रहने वाले लोग मोहल्ले से गई एक बारात में मदनापुर गए थे। ये लोग सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब सवा दो बजे वापस अपने घर आ रहे थे तभी नरसुइया गांव के पास उनकी कार तेज गति से आ रहे एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नजदीकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर गिरी गाज

**विशेष संवाददाता**

❍ **आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को सौंपी गई डीजी भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी पेपर लीक मामले में हटाई गई डीजी भर्ती बोर्ड**

लखनऊ। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर आखिरकार आज गाज गिर ही गई। योगी सरकार ने उन्हे आनन फानन में हटा दिया है। पिछले दिनों सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में योगी सरकार ने उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। आइपीएस अफसर रेणुका मिश्रा को सरकार ने प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। उनके स्थान पर आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को भर्ती बोर्ड की अहम जिम्मेदारी दी गयी है। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान के साथ ही डीजी पुलिस भर्ती बोर्ड की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसको लेकर नियुक्ति विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए है। आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर परीक्षा समाप्त होने तक तमाम लोगो को पकड़ा और इस तरह के लोगो की अभी भी गिरफ्तारी कर रही है। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा को निरस्त कर दिया था। इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राजभर, दारा चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार ने ली मंत्री पद की शपथ

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंगलवार शाम को पहली बार हुए मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान समेत चार मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंगलवार शाम पांच बजे यहां राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चारों को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल (2022-2027) के पहले विस्तार में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज



पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पुरकाजी के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के विधानपरिषद सदस्य दारा सिंह चौहान तथा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है। राजभर गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र से विधायक हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2022 में मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 18 कैबिनेट मंत्री हैं तथा 14 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल अधिकतम 60 मंत्रियों की सीमा के भीतर 52 सदस्य हैं। इस विस्तार के माध्यम से भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न जातियों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाने की पहल की है। राजनीतिक जानकार इसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के सापेक्ष एक नया पीडीए फार्मूला मान रहे हैं जिसमें पीडीए का निहितार्थ पिछड़ा, दलित और अगड़ा के रूप में निकाला जा रहा है। शपथ लेने वालों में राजभर और चौहान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# डेढ़ करोड़ किसानों का बिजली बिल माफ

❍ दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर होगा लखनऊ सीमा का विस्तार ❍ चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो को मंजूरी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र के तौर पर लखनऊ और उसके आसपास के पांच जिलों को मिलाकर एससीआर गठन के अध्यादेश को मंजूरी दी है। इसके साथ ही बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दी है। साथ ही अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी



**मंत्रिमंडल के अन्य निर्णय**

- एससीआर गठन के अध्यादेश को मिली मंजूरी
- अनपरा में लगेंगी 800 मेगावाट की दो इकाइयां
- स्मार्टफोन-टैबलेट खरीदने के लिए 4000 करोड़
- आबकारी विभाग लायेगा एकमुश्त समाधान योजना
- यूपी में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का रास्ता साफ
- होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा
- प्रयागराज में बनेगा अति विशिष्ट अतिथि गृह
- पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज के लिए दी जायेगी भूमि
- नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को मंजूरी
- आगरा के 5 जोन में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति जल्द
- बीमा अस्पताल में मरीजों को मिलेगा अच्छा भोजन
- बोनी कपूर की कंपनी प्रदेश में करेगी इंटरनेशनल फिल्म सिटी का विकास

है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लायेगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस करने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मुहर लग गई। पांच वर्ष के लिए बनी इस योजना के तहत 40 लाख स्मार्टफोन व टैबलेट की खरीद इस साल व अगले साल भी की जाएगी। इसके लिए 4000 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। योगी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1 बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी मेट्रो संचालित की जाएगी। कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। यमुना विकास प्राधिकरण में एक हजार एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित करने का रास्ता साफ हो गया। कैबिनेट ने विकासकर्ता चयन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोनी कपूर की कंपनी इसे विकसित करेगी। होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने प्रयागराज में अति विशिष्ट अतिथि गृह बनाने के लिए राज्य संपत्ति विभाग को निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अतिथि गृह सिविल स्टेशन की नजूल भूमि पर बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 11,433 वर्ग मीटर है। पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब डिपो स्टेशन से एमएमटीएच ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

नागपुर। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा को बरी कर दिया जिन्हें कथित माओवादी संबंध मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा। अदालत ने 54 वर्षीय साईबाबा को दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया और कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोजन की मंजूरी को अमान्य ठहराया। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने अपने आदेश के क्रियान्वयन पर यह देखते हुए रोक लगाने से भी इनकार कर दिया कि यदि आदेश पर रोक लगाई जाती है, तो यह बरी किए गए आरोपी व्यक्तियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। फैसला मौखिक रूप से सुनाए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने अदालत से फैसले के क्रियान्वयन पर छह सप्ताह के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फेसबुक व इंस्टाग्राम का सर्वर हुआ डाउन, यूजर्स रहे परेशान

**एजेंसी**

❍ **कुछ देर बाद बहाल हुई सेवाएं**

नई दिल्ली। मेटा का सर्वर मंगलवार शाम अचानक डाउन हो गये। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड के यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका असर भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखने को मिला, हालांकि कंपनी ने जल्द ही समस्या का निदान कर लिया और थोड़ी ही देर बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम फिर से शूरू हो गया।

इस दौरान यूजर्स का अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट हो गया। इसके बाद उन्हें लॉगिन करने में काफी समस्या आयी। लॉगिन का प्रयास करने पर लोगों के मेल पर ओटीपी जाने की बात कही जा रही है, लेकिन व्यक्तिगत डीटेल का ब्योरा भी गलत दिखा रहा है। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, परेशानी रात साढ़े 8.52 बजे के बाद शुरू हुई। हालांकि, कुछ आईफोन यूजर्स को यह समस्या नहीं आ रही है। फेसबुक की ओर से अधिकारिक बयान जारी किया गया जिसमें मार्क जुकरबर्ग ने लोगों से निवेदन किया कि कृपया आप लोग धैर्य रखें कुछ समय में समस्या का निदान कर लिया जायेगा। जिसके बाद लगभग 10 बजे फेसबुक व इंस्टाग्राम के अकांउट फिर से चालू हो गये। उधर राजधानी लखनऊ... शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम मोदी ने तेलंगाना में 7,200 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं

## 140 करोड़ भारतीय देश को बनायेंगे विकसित

**एजेंसी**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां से करीब 60 किलोमीटर दूर संगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। तेलंगाना की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वह इस भावना के साथ काम करते हैं कि राज्यों का विकास ही देश का विकास है।

उन्होंने यहां एक आधिकारिक कार्यक्रम में कहा आज 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा



कि विकसित भारत के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र ने इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और केंद्र चाहता है कि तेलंगाना को इसका फायदा मिले। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्ष से केंद्र सरकार तेलंगाना को विकास की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दिये 19,600 करोड़

चंडीखोल (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस होंगे यूपी के युवा (पृष्ठ-07)
- अफसरों का जवाब न आने पर हाईकोर्ट सख्त (पृष्ठ-07)
- बीते साल बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत पर आई (पृष्ठ-11)
- रुपया तेजी के साथ 82.89 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-11)
- वृद्धि के लिए निवेशकों का भरोसा जरूरी (पृष्ठ-11)


**विशेष खबर** नौसेना की तत्परता से समुद्री क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है भारत : राजनाथ सिंह

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को कोई नहीं दबा सकता

**एजेंसी**

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के परोक्ष संदर्भ में मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी देश अपनी जबरदस्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को दबा नहीं सके। सिंह ने गोवा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। सिंह ने गोवा की राजधानी पणजी में नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा हमने यह सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी भी तरह का आधिपत्य न हो।

इस अवसर पर, उन्होंने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कारवार में सी बर्ड नौसैनिक अड्डे पर एक विमान वाहक और सहायक पोत गोदी का भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिये लोकार्पण किया। सिंह ने यह भी कहा कि नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में तटीय देशों को पूरी मदद



कर रहा है। उन्होंने कहा हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश अपनी सशक्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हमारे मित्र देशों को दबा न सके या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उनकी संप्रभुता को कुचल न सके। उन्होंने कहा जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना अपने सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह भारत के वैश्विक मूल्यों को ठोस ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में मित्र देशों को पूरी मदद दे रहा है। सिंह ने कहा हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी हमारे बाकी सहयोगियों को किसी भी दबाव में आने से रोकती है। उन्होंने कहा, भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा हमने यह सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी भी तरह का आधिपत्य न हो। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरे की धारणा से निपटने में बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा पहले लगभग सभी सरकारें जमीनी सीमाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करती थीं, लेकिन समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के व्यावसायिक महत्व को देखते हुए हमारी खतरे की धारणा का फिर से आकलन करना और उसके अनुसार हमारे सैन्य संसाधनों और रणनीतिक चौकसी को फिर से संतुलित करना आवश्यक था।

## भारतीय ऐप को बहाल करने पर गूगल सहमत : वैष्णव

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियो के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है।

दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को गूगल और स्टार्टअप को बातचीत की मेज पर बुलाया था। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी भारत की प्रौद्योगिकी विकास यात्रा का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, और हमारे बीच बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने इन-ऐप भुगतान दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को अपने प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के ऐप को हटा दिया था। इनमें लोकप्रिय मैट्रीमोनी डॉटकॉम और रोजगार ऐप नौकरी डॉट कॉम शामिल थे। सरकार ने गूगल के इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताई, और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद गूगल ने शनिवार से कुछ ऐप को बहाल कर दिया। ये ऐप 11-25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करने या ऐप के बाहर वित्तीय लेनदेन करने के लिए उसके दिशानिर्देश का पालन करने को सहमत हो गए थे।



# आध्यात्मिक-सांस्कृतिक नगरों से भी मिली आर्थिक संजीवनी

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, तो यहां निवेश आना भी शुरु हुआ। हर सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के निवेश से रोजगार के लाखों अवसर सृजित हुए, तो यूपी से युवाओं के पलायन पर भी विराम लग गया। योगी सरकार ने विकास की श्रृंखला को महज औद्योगिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि आध्यात्मिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत संजोने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया, नतीजन आज ऐसे शहर भी प्रदेश को भरपूर राजस्व उपलब्ध करा रहे हैं। अयोध्या हो या काशी, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन हो या प्रयागराज, नैमिषारण्य हो या बौद्ध आध्यात्मिक स्थल, हर तीर्थ स्थल आज पर्यटकों का प्रमुख गंतव्य बन गया। प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ते हुए एनसीआर की तर्ज पर यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें लखनऊ सहित आस-पास जनपदों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, निवेशक और तेजी से यूपी की ओर रुख करेंगे। ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं ने इन जनपदों को विशिष्ट पहचान दिलाने के अलावा अर्थ की संजीवनी भी प्रदान किया है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान हुए रिकॉर्ड एमओयू के परिणामस्वरुप जीबीसी 4.0 में धरातल पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।



### वाराणसी

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 581 | 142903 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 19245 | 44215 |



### मथुरा

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 484 | 30235 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 16587 | 31680 |



### प्रयागराज

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 460 | 63618 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 13227 | 25000 |



### संतकबीरनगर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 92 | 5480 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 1872 | 3652 |



### श्रावस्ती

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 439 | 2422 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 866 | 3905 |



### बलरामपुर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 194 | 1402 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 438 | 1851 |



### मुजफ्फरनगर

यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 249 | 15549 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 9938 | 10284 |

## निवेश का बना माहौल

गोरखपुर में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। गीडा पूर्वांचल, नेपाल और सीमावर्ती बिहार की आर्थिक राजधानी है। यहां मार्केट तो है ही, कामगारों की भी कोई कमी नहीं है। हमारी कंपनी 10 करोड़ रुपये के निवेश से पेपर डिस्पोजल यूनिट का विस्तार कर रही है।

**-सुधांशु टिबरेवाल,** उद्यमी, गोरखपुर

हाल के वर्षों में सरकार ने शहरीकरण को काफी तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार के अवसर बने हैं और शहर का विकास भी हुआ है। प्रयागराज के साथ मथुरा, गोरखपुर, लखनऊ आदि जनपदों में रियल एस्टेट में 750 करोड़ रुपये के निवेश से आवासीय और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जायेंगे।

**-सुनील सोलंकी,** ओमेक्स लिमिटेड, प्रयागराज

सीतापुर में भी निवेश का माहौल बना है। उद्योगों को राहत दी जा रही है इससे जनपदों के विकास को पंख लगेंगे। स्थानीय स्तर पर उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले कच्चे माल को लेकर सहूलियत होगी। पर्यटन की दृष्टि से नैमिष में बहुत संभावनाएं हैं।

**-अजीत कुमार सिंह,** उद्यमी, सीतापुर

मुजफ्फरनगर में उद्योगों में निवेश करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योग के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। यहां पेपर मिल, कॉटन यार्न, होटल इंडस्ट्रीज और कृषि यंत्र बनाने व इंजीनियरिंग उद्योग में निवेश हो रहा है।

**-पवन कुमार गोयल,** आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर

## प्रमुख निवेशक कंपनियां

### अयोध्या

**हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (रियल स्टेट)**
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 100 लोगों को रोजगार

**पक्का लिमिटेड (पेपर मैन्युफैक्चरिंग मशीन)**
550 करोड़ रुपये का निवेश, 600 लोगों को रोजगार

### मीरजापुर

**डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)**
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 2500 लोगों को रोजगार

### सीतापुर

**सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड (लकड़ी)**
1500 करोड़ रुपये का निवेश, 3000 लोगों को रोजगार

**ग्रीनलैम साउथ लिमिटेड (लकड़ी/एमडीएफ)** 1500 करोड़ रुपये का निवेश, 2000 लोगों को रोजगार

### मथुरा

**आईएफपी पेट्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि. (रिफाइनरी)**
1100 करोड़ रुपये का निवेश, 700 लोगों को रोजगार

**केशव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड**
(स्टेशनरी गुड्स, इलेक्ट्रिक आइटम, प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग)
1250 करोड़ रुपये का निवेश, 10000 लोगों को रोजगार

### मुजफ्फरनगर

**भारतीयम बेवरेजज प्रा.लि. (बेवरेज)**
600 करोड़ रुपये का निवेश, 500 लोगों को रोजगार

### प्रयागराज

**जेके सीमेंट लि. (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)**
400 करोड़ रुपये का निवेश, 250 लोगों को रोजगार

### प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी

**वरुन बेवरेजज लि. (बेवरेज)**
3500 करोड़ रुपये का निवेश, 1000 लोगों को रोजगार

### अयोध्या



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 508 | 145116 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 12915 | 25000 |

### गोरखपुर



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 630 | 183738 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 17313 | 37000 |

### चित्रकूट



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 280 | 67422 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 7147 | 7000 |

### सीतापुर



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 302 | 29886 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 22172 | 18000 |

### मीरजापुर



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 243 | 17166 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 7437 | 15135 |

### कौशाम्बी



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 143 | 1589 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 681 | 3382 |

### कुशीनगर



यूपीजीआईएस-2023

| परियोजनाएं | एमओयू करोड़ रु. में |
|---|---|
| 346 | 3713 |

जीबीसी-4.0

| निवेश करोड़ रु. में | रोजगार |
|---|---|
| 1169 | 9133 |

## नेहरू इन्क्लेव में अवैध निर्माण सील

लखनऊ। एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर के नेहरू इन्क्लेव में एक अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि विशाल यादव व अन्य द्वारा नेहरू इन्क्लेव के वातायन ब्लॉक में फ्लैट संख्या-वी-88 की छत पर लगभग 500 वर्गफुट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। इसके अनुपालन में मंगलवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से निमार्णाधीन भवन को सील कर दिया गया।

# विकासनगर में धंस रही पूरी सड़क का होगा जीपीआर सर्वे

- कमिश्नर ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। विकास नगर में कई बार धंस चुकी पूरी सड़क की जांच की जाएगी। इसके लिए ट्रंक सीवर लाइन का जीपीआर यानी ग्राउंड पेनिट्रेशन सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी के तहत टेक्निकल टीम गठित की जाएगी।

सड़क धंसने के मामले को कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब ने गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा इस तरह की घटना फिर न हो इसके लिए सर्वे कराया जाए।

विकास नगर में वर्ष 2019 से कमोवेश हर साल सड़क धंस रही है। यह सड़क अब खतरनाक हो चुकी है जबकि इस क्षेत्र की यह सबसे व्यस्तम सड़क है। कुर्सी रोड के गुलाचीन मंदिर से खुर्रम नगर की ओर जाने वाली सड़क दूसरी बार 30 फुट धंस गई। एक साल पहले ही इस सड़क पर इतना ही बड़ा गड्ढा हो गया था। इसके अलावा इसी इलाके में एक और सड़क भी पिछले वर्ष धंस गई थी। कमिश्नर रौशन जैकब ने मंगलवार को नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। इसके लिए तत्काल जीपीआर सर्वेक्षण करा लिया जाए। जल निगम का कहना है कि सड़क की मरम्मत होने में 30 दिन तक का समय लग सकता है। कमिश्नर ने कहा कि व्यवस्तम सड़क है। ऐसे में अनुरक्षण कार्य देख रही सुएज इंडिया कंपनी 24 घंटे काम कराए, ताकि सड़क पर आवागमन जल्द चालू हो। कमिश्नर को अधिकारियों ने जो प्रारम्भिक रिपोर्ट सौंपी है उसमें ट्रंक सीवर लाइन के मैन होल से 3 मार्च को मीथेन गैस का तेज रिसाव होने की बात कही गई है। इससे बचाव केलिए स्थान चिह्नित करते हुए कमिश्नर ने वेंट पाइप लगाने के निर्देश दिए हैं। इससे जमीन के भीतर उठने वाली गैस सड़क के धंसाव का कारण नहीं बनेगी।

उधर, विकास नगर में मंगलवार एक और स्थान पर सड़क धंस रही है। यहां गड्ढा हो गया है। स्थानीय लोगों ने आस पास गाड़ियों के बचाव के लिए इसमें बांस डाल दिया है। मंगलवार को इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। निजी संस्था सुएज ने इसकी मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है गैस की वजह से पूरी सड़क पर इस तरह की समस्या आ रही है।

## लेखा विभाग में गिरा प्लास्टर, कर्मचारी बचे



लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। मंगलवार को लेखा विभाग की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। साथ ही काफी दूर तक फाल सीलिंग भी गिर गई। इस दौरान यहां मौजूद तीन कर्मचारी बाल बाल बच गये। नगर निगम मुख्यालय का लेखा विभाग पहली मंजिल पर है। कर्मचारियों के अनुसार दोपहर को वह कमरे में काम कर रहे थे। इस बीच छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। साथ ही फॉल सीलिंग भी नीचे आ गई। आवाज इतनी तेज थी कि कर्मचारी दहशत में आ गए। काफी दूर तक फाल सीलिंग लटक भी गयी। कर्मचारी दफ्तर से निकलकर बाहर भागे। इस दौरान दानिश अंसारी, आयुष पंत और अंकुर सिंह बाल बाल बच गए। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा व उपाध्यक्ष शमील एखलाक ने बताया नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग 100 साल से अधिक पुरानी हो चुकी है। इसकी मियाद लगभग पूरी हो चुकी है। यह अंग्रेजों के समय की बनी हुई है। पुरानी होने से अकसर प्लास्टर गिरता रहता है। कई जगह पानी भी टपकता है। इससे पहले भी कई बार प्लास्टर गिर चुका है। कर्मचारी इसमें जान जोखिम में रखकर काम करते हैं। इसकी मरम्मत के लिए कई बार नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद मेंटीनेंस न किए जाने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। बता दें कि काफी समय पहले दूसरी मंजिल पर स्थित आर्ट गैलरी व रिकॉर्ड विभाग की छत पर गिर चुकी है। इसका मरम्मत कराया गया था। जोन तीन में भी कई बार फाल्स सीलिंग, प्लास्टर व पंखा गिर चुका है। कर्मचारी संगठनों की ओर से लगाकार प्रशासन से अनुरोध किया गया है मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पिछले दिनों कार्यकारिणी व सदन से गोमती नगर में आरआर वर्कशाप के पास नगर निगम का नया मुख्यालय बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। जोन तीन का भी नया कार्यालय निर्माणाधीन है।

# अकबर नगर में तीन बुलडोजर से तोड़ा अवैध निर्माण

- कोर्ट से राहत न मिलने पर एलडीए ने की कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। कुकरैल नदी की जमीन पर अवैध बसे अकबरनगर में एक बार फिर मंगलवार को बुलडोजर चलना शुरू हो गए। कोर्ट से याचिकाओं को कोई राहत न मिलने पर एलडीए ने तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। तीन बुलडोजर लगातार अवैध निर्माण को गिरा दिया गया। एलडीए, नगर निगम और पुलिस टीम की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। प्राधिकरण की ओर से एजेंसी को जल्द ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम देने के निर्देश दिए गए हैं।

अकबरनगर में एक व्यावसायिक निर्माण को गिराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 4 मार्च तक की मोहलत दी थी। मोहलत समाप्त होने पर मंगलवार को यह निर्माण गिरा दिया गया। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में अवैध निर्माण के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्रवाई के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं मिली थी। साथ ही जिनके निर्माण पूर्व में ध्वस्त किये जा चुके हैं, उन्हें भी कोई राहत नहीं मिली थी। न्यायालय में विष्णु स्वरूप चौरसिया की तरफ से दायर की गई याचिका में सुनवाई करते हुए सरकारी भूमि पर किये गये सभी व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण को अनाधिकृत एवं अवैध करार दिया गया था। न्यायालय ने आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता 4 मार्च की मध्य रात्रि तक स्वयं अपने निर्माण हटा लें। इसके बाद एलडीए की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है। इसी आदेश पर अमल करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को कार्रवाई की है। यहां बचे हुए निर्माण को गिराने को लेकर हाईकोर्ट में आदेश सुरक्षित कर दिया गया है। निकट भविष्य में उस पर भी बड़ा फैसला आ सकता है। ध्वस्तीकरण के दौरान कुकरैल नाले के पास बैरिकेडिंग कर दी गई।। ऐसे में उधर से बादशाह नगर या निशातगंज जाने वाले लोगों को बंधे के किनारे से जाना पड़ा। इस वजह से यहां लंबा जाम लग गया।

**दुकानदार बोले-अब किसी से गुहार नहीं लगा सकते :** अकबरनगर निवासी जलील ने बताया, मेरी दुकान 2002 में खुली थी। सुप्रीम कोर्ट से ही याचिका खारिज हो गई है अब किसी से गुहार भी नहीं लगा सकते। हालांकि इस बात का मलाल है कि सरकार और शासन चाहता तो इन्हीं जमीनों को वह दुकान मालिकों को मौजूदा सर्किल रेट के हिसाब से बेच सकता था। इससे लोगों की रोजी-रोटी पर भी संकट नहीं आता और सरकार को भी मुनाफा होता।

**दुकानदारों ने खाली करना शुरू किया :** कोर्ट से राहत न मिलने के बाद कई लोगों ने दुकानें खाली करना शुरू कर दिया है। उन्होंने मान लिया है कि अब कोई मौका नहीं मिलेगा। इसलिए आनन-फानन में सारा सामान निकालने में जुट गए हैं। दुकानदार मोहम्मद नईम ने बताया कि दुकान तो टूट रही है। 21 दिसंबर के बाद से बिजली का इस्तेमाल ही नहीं किया, लेकिन बिजली विभाग बिल भेज रहा है। जबकि मीटर खुद बिजली विभाग वाले उखाड़ ले गए थे।

**बिजली विभाग वाले जबरन मीटर मांग रहे :** मोहम्मद नईम ने बताया, 26 जनवरी को उन्होंने 1893 रुपए का बिल भी जमा किया था जोकि दिसंबर से पहले वाला बिल था। जनवरी-फरवरी का फिर से बिल भेज दिया गया है। दुकानदार अजमल ने बताया, दुकान गिराने में उनका मीटर तो मलबे में दब गया। अब बिजली विभाग वाले परेशान करते हुए मीटर के बारे में पूछ रहे हैं। पिछले तीन दशक से एक-एक दुकानदारों के माध्यम से 15 से 20 परिवारों की रोजी-रोटी चलती थी। सरकार ने बुलडोजर चलवाकर सब खत्म कर दिया। अकबरनगर में एलडीए ने करीब 24 कॉम्प्लैक्स और दुकानें गिरा दी हैं। लेकिन, अभी 77 दुकानों को तोड़ना है।

**बटलर पैलेस में झोपड़ियां हटाने का भाजपा नेता ने किया विरोध :** बटलर पैलेस कॉलोनी में भी झील विकास को लेकर यहां झुग्गी बस्ती को हटाने की कार्रवाई की गई। मगर यहां बसे लोगों का आरोप है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण को बिना पुनर्वास दिए बिना ही हटाया जा रहा है। मंगलवार को एलडीए की कार्रवाई के दौरान एक भाजपा नेता ने काफी हंगामा किया। काफी देर तक विवाद होने पर कार्रवाई बाधित रही। हंगामे की जानकारी के बाद प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल तथा मजिस्ट्रेट पहुंचे और भाजपा नेता को हटाया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के दस्ते ने मंगलवार को बटलर पैलेस में अवैध कब्जे तोड़ने की कार्रवाई शुरू कराई। यहां तमाम लोगों ने अवैध तरीके से कब्जे कर सरकारी जमीन पर पक्के मकान बना लिए थे। एलडीए ने यहां के कई लोगों को पीएम आवास योजना के मकान दे दिए हैं। कुछ बचे थे। उनके लिए सर्वे भी कराया जा रहा था। ताकि उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान दिए जा सकें, जिन्हें दिया जा चुका है उनके निर्माण तोड़े भी जा रहे थे। इसी बीच एक भाजपा नेता पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने अवैध कब्जेदारों से कहा कि कोई भी मकान नहीं खाली करेगा। उनके हंगामे के चलते काफी देर तक कार्रवाई रुकी रही। बाद में अधिकारियों ने एलडीए वीसी को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद ओएसडी शशि भूषण पाठक और एडीएम मौके पर पहुंचे। भारी संख्या में पुलिस बल भी बुलायी गयी। भाजपा नेता को मौके से हटाया गया।

## अभय सिंह बने परफॉर्मर ऑफ द डे




लखनऊ। श्री जय नारायण पीजी कॉलेज (केकेसी) में विधि संकाय का फ्रेशर पार्टी व फेयरवेल का आयोजन मंगलवार को हुआ। जिसमें कॉलेज की तरफ से प्रिंसिपल प्रो. विनोद चंद्र, डॉ. अंशुमाली शर्मा, दिवाकर यादव, लिली श्रीवास्तव, सुनीता राठौर, संनिवेश मिश्रा, प्रमोद यादव, बालेश्वर मिश्रा प्रसाद, महेंद्र कुमार एवं सन सिद्दीकी अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने काफी उल्लास किया। परफॉर्मर ऑफ द डे के अवार्ड के विजेता रहे छात्र नेता अभय सिंह, मिस फ्रेशर का अवार्ड श्रेया दीक्षित को मिस्टर प्रेशर का अवार्ड, शिवम मिश्रा को मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड अभिजीत झा को मिस फेयरवेल रिचा पांडे को, इस पूरे कार्यक्रम के आर्गेनाइजेशन के रूप में प्रियांशु गुप्ता एंड टीम शिवम यादव के साथ रही।

## कुलपति ने रचनात्मकता पर दिया जोर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग में ग्रविटास 3.0, वार्षिक प्रबंधन महोत्सव का आयोजन मंगलवार को हुआ। यह महोत्सव जीवंत समर्थन, मौलिकता, कार्यकुशलता और उत्कृष्ट सोच को दर्शाता है। कुलपति



प्रो आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी; वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. रचना मुज्जू और विभागाध्यक्ष प्रो संगीता साहु, संकाय के शिक्षक और छात्र समारोह का उद्घाटन सत्र में एकत्रित हुए। उन्होंने छात्रों को अपने प्रयोगशील शिक्षा के साथ अनुभव का महत्व बताया। उन्होंने इन समारोहों के महत्व को बढ़ावा देने में नवीनता और रचनात्मकता के महत्व को समझाने की ओर जोर दिया। उनके इनोवेशन के माध्यम से कौशल विकास और मास्टरी की ओर मार्गदर्शन करने के बारे में बयान ने उपस्थित छात्रों को व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर-मेकिंग के साथ रचनात्मक और हास्यमय उत्साह के साथ शुरू हुआ।

# पट्टा समाप्त हो चुकी नजूल जमीनों को वापस लेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार की कैबिनेट से उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंधन और उपयोग) अध्यादेश-2024 को मंजूरी मिल गई है। इस फैसले से शहर में 400 से अधिक लोगों को नजूल की जमीनों का कब्जा छोड़ना पड़ेगा। इस अध्यादेश के प्रभावी होने के बाद जिन जमीनों का पट्टा समाप्त हो चुका है या फिर विवादित है ऐसी नजूल भूमि शासन को बिना अर्जन के ही मिल जाएगी। राजधानी में ऐसे में करीब 467 लोग हैं जिनके पट्टे खत्म हो चुके हैं। इनसे अभियान चलाकर नजूल की जमीन वापस ली जाएगी।

- कैबिनेट से अध्यादेश मंजूर होने के बाद मची खलबली

अध्यादेश के प्रभावी होते हुए प्रदेश में निजी व्यक्तियों या फिर निजी संस्थाओं के पक्ष में स्वामित्व बदलने के लिए फ्री होल्ड नहीं किया जाएगा। साथ ही नजूल भूमि के स्वामित्व बदलने के लिए न्यायालय की कार्यवाही या प्राधिकारी के समक्ष आवेदन समाप्त और अस्वीकृत समझे जाएंगे। इस संबंध में अगर संबंधित द्वारा कोई धनराशि जमा की गई है तो उसे ब्याज समेत वापस किया जाएगा। इस अध्यादेश के मंजूर होने पर बड़ी संख्या में नजूल की जमीनों पर काबिज लोगों की नींद उड़ गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण नजूल की जमीनों से कब्जा वापस लेगा। इसके लिए सर्वे कराया गया है। शहर में करीब कई लाख वर्ग फिट जमीनों पर लीज डीड समाप्त होने के बाद भी कब्जे हैं। बता दें कि ऐशबाग में ह्यूम पाइप के कब्जे से इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीन का कब्जा वापस लिया जा चुका है। शासन ने नजूल की जमीनों के नवीनीकरण पर जून 2020 से रोक लगा रखी है। ऐसे में 467 लोगों के पट्टे खत्म होने की पूरी सूची तैयार की गई है। इनसे अभियान चलाकर जमीन नजूल की वापस ली जाएगी। एलडीए के नजूल अनुभाग से मिली जानकारी के अनुसार नजूल की जमीनों पर पट्टा किसी का दस साल के लिए था तो किसी का पचास साल के लिए। तीस-तीस साल के पट्टे दिए गए थे। अब ऐसे लोगों को स्वतः नजूल की भूमि खाली करनी होगी। हालांकि इनमें कई खाली करने को तैयार नहीं हैं।

# आवास विकास 1273 करोड़ से करायेगा विकास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र आवास एंव विकास परिषद अपनी नयी व पुरानी योजनाओं के विकास कार्यों पर आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12731 करोड़ रुपये खर्च करेगा। मंगलवार को आवास एवं विकास परिषद की 265वीं बैठक ने 3402.32 करोड़ व्यय तथा 3411.75 करोड़ रुपये आय पक्ष को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही वर्ष-2023-24 के पुनरीक्षित बजट को भी अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। आवास विकास के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष/अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

- बोर्ड बैठक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट को पास किया

आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने बताया कि पूर्व से चल रही योजनाओं समेत नयी योजनाओं को बजट से मंजूरी मिलने के विकास कार्य में तेजी आएगी। अयोध्या में चल रही आवासीय व व्यवसायिक योजनाओं समेत बनारस, लखनऊ, कानपुर, मेरठ, आगरा, गोरखपुर व बरेली जोन के विकास कार्य होंगे। आगामी वर्ष में चालू वर्ष की अपेक्षा विकास कार्यो पर ज्यादा खर्च होगा। आवास विकास ने निर्माण व अवस्थापना के विकास कार्यो पर 582.44, डिपाजिट मद के कार्यो पर 644.21 करोड़ व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 46.52 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक एंव अन्य कार्यो पर 589.15 करोड़, नयी योजनाओं के लिए भूमि अर्जन के लिए 1540 करोड़ रु, कर्मचारियों व अधिकारियों की सुविधा के लिए भवन निर्माण, वाहन एवं कम्प्यूटर मद में 565 करोड़ रु के खर्च का प्राविधान किया गया है। इसके अलावा आय पक्ष में परिषद की रिक्त पड़ी संपत्यिों से 1650 करोड़, डिपाजिट कार्यो से 572.62, प्रधानमंत्री आवासों की बिक्री से 120.52 करोड़, नयी योजनाओं के पंजीकरण से होने वाली आय मद में 33.60 करोड़, सेन्टेज मद से 74.76 करोड़ व अन्य मदों से 960.24 करोड़ रुपये का आकलन किया गया है।

**संपत्तियों के अभिलेखों का होगा डिजिटाइजेशन :** परिषद प्रशासन ने इस बार नये कार्यो के लिए करोड़ों रुपये के बजट को मंजूरी दी है। आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस बार परिषद में संचालित विभिन्न सॉफ्टवेयर्स का इंटीग्रेशन व ईआरपी सौल्यूशन का विकास एवं इम्प्लीमेन्टेशन कराने, अभियन्त्रण विभाग के कार्यो के लिए साफ्टवेयर का इम्प्लीमेन्टेशन, पीएमयू सेल के उच्चीकृत करने, परिषद की समस्त सम्पत्तियों के अभिलेखों का डिजिटाइजेशन, आंवटी का ऑनलाइन भुगतान करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### ग्रीन बेल्ट के विकास पर खर्च होंगे 24 करोड़

आवास परिषद के अगले वित्तीय वर्ष के मूल बजट में ग्रीन बेल्ट के विकास कार्यों पर 24 करोड़ 21 लाख रुपये की व्यवस्था की है। बजट में पहली बार इस बजट का भी प्राविधान किया गया है। परिषद सचिव व अपर आवास आयुक्त नीरज शुक्ला ने बताया कि ग्रीन बेल्ट के विकास के लिए स्वीकृत किए गये इस बजट से अपनी योजनाओं में पर्यावरणीय संरक्षण एवं संतुलन, स्थायी विकास तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण देने के लिए बजट का प्राविधान किया गया है। इस मद में विभिन्न योजनाओं में पार्कों के विकास, वृक्षारोपण तथा एसटीपी आदि के निर्माण कार्य व विकास किया जायेगा।

### तीन कर्मचारियो का कार्यकाल बढ़ा

बोर्ड बैठक में मूल बजट के अतिरिक्त तीन अधिकारियों के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए विस्तार को मंजूरी दी गयी है। जिसमें परिषद के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों व अन्य विधिक प्रकरणों के निस्तार ण के लिए विधि परामर्शदाता के पद पर नियुक्त किए गये दीपक कुमार श्रीवास्तव, विधि अनुभाग में ओएसडी के पद पर कार्यरत आशोक कुमार मिश्रा व सहायक अभियन्ता राजेश कुमार मेहतानी का एक वर्ष का अनुबन्ध का कार्यकाल वर्ष 2025 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। तीनों अधिकारियो का कार्यकाल 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहा था।

## भारत जल्द बनेगा अंडा उत्पादन का हब : डॉ. शर्मा



लखनऊ। राजधानी में इंडियन पोल्ट्री एक्सपो का शुभारंभ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2017 में पोल्ट्री पॉलिसी बनायी गयी थी, इसमें कुकुट व्यवसाय है इसके लिए कार्य योजना तैयार की गयी। उत्तर प्रदेश की बात करें तो इसमें जो वायल फार्मिंग है। हमारे प्रदेश में प्रयास हुआ कि जो खपत है इसका उत्पादन हो हमें बाहर से न मांगना पड़े, हम उतनी आपूर्ति कर सके। इस पर उत्तर प्रदेश में सफलता पायी है। आज हम देखते हैं कि भारत सबसे अधिक उत्पादन की चीज है तो पहले नंबर दूध है तो दूसरी नंबर अंडों का है। अब भारत जल्द ही अंडों के निर्यात करने का हब बनेगा। अब इसके निर्यात करने भी समय आ गया, हमारे प्रदेश में कुक्कुट पालन को बढ़ावा मिला है। आज स्वरोजगार के क्षेत्र में यह लोकप्रिय हो गया है, कुक्कुट पालन गांव में देखने को मिलता है।

## डेढ़ साल में खत्म होगा शिवरी में 18.50 लाख मीट्रिक टन कचरा

लखनऊ। शिवरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट पर ढेर लगभग 18.50 लाख मीट्रिक टन कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। महापौर सुषमा खर्कवाल एवं पार्षदों की उपस्थिति में इस कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े को शिवरी स्थित प्लांट तक पहुंचाया जाता है। 1.5 वर्ष पहले लगभग 18.50 लाख मीट्रिक टन कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण कार्य के लिए मेसर्स भूमि ग्रीन प्रा. लि. संस्था का चयन किया गया है। संस्था की ओर से मोहान रोड, शिवरी स्थित प्रोसेसिंग प्लान्ट पर समस्त मशीनरी की स्थापना करते हुए 16 माह में ठोस अपशिष्ठ के निस्तारण का कार्य पूर्ण किया जाना है।

# लोगों को जागरूक कर बढ़ाया जायेगा पोलिंग प्रतिशत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कराई जायेगी पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग, गूगल फार्म पर दर्ज होगी पोलिंग पर्सनल की उपस्थिति
- दिव्यांग (लोकोमोटर डिसेबिल व हैंडीकैप) मतदाता वाले बूथों पर बनेंगे दिव्यांग शौचालय



लखनऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में सभी नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए की सभी अधिकारी निर्वाचन के कार्यों में लग जाए। साथ ही निर्देश दिया की आदर्श आचार संहिता लागू होते ही का अनुपालन कड़ाई से कराना सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निम्नवत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की अभी से ही नामांकन प्रक्रिया के फार्मेट की सूची, पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग, सेक्टर, जोनल मेजिस्ट्रेट की ट्रेनिंग आदि कार्य की व्यवस्था करना सुनिश्चित कर लिया जाए। पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग के साथ ही उप जिलाधिकारी, अपर नगर मेजिस्ट्रेट और तहसीलदार भी ट्रेनिग लेना सुनिश्चित करे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए के पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग केकेसी कालजे में कराई जाएगी। जिसके लिए अभी से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने बताया की पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग के नोडल अपर जिलाधिकारी भूआ द्वितीय होंगे। साथ ही निर्देश दिया की पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग के लिए सभी कमरों में जहा ट्रेनिंग होगी वहां स्मार्ट बोर्ड लगवाए जाए। जिस पर यूट्यूब के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी के सेशन का भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की ट्रेनिंग में प्रत्येक कमरे में 4-4 एश्ट श्श्ढअळ की व्यवस्था हैंड्स आन ट्रेनिंग के लिए की जाए। उन्होंने बताया की ट्रेनिंग के दौरान की व्यवस्थाएं अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति के द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। ट्रेनिंग स्थल पर पेयजल, लाइटिंग, पंखा व खानपान को सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति की होगी। उक्त के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की पोलिंग पर्सनल की अटेंडेंस गूगल फार्म के माध्यम से ली जाएगी। उन्होंने बताया पोलिंग पार्टी रवानगी के समय या काउंटिंग के समय अत्यधिक भीड़ के कारण मोबाईल नेटवर्क जैम हो जाता है जिसके लिए एक दूसरे से संपर्क करना मुश्किल हो जाता हैं। जिसके लिए निर्देश दिए गए की सभी स्थलो पर कई सर्विस प्रोवाइडर के वाई फाई राउटर लगवाना सुनिश्चित कराया जाए। मतदाता जागरूकता रश्एएढ कार्यक्रमों के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल बनाया गया है। उक्त के साथ ही रश्एएढ कार्यक्रमों के लिए पीडी ग्राम्य विकास, जिला विद्यालय निरीक्षक व उच्च शिक्षा अधिकारी सह नोडल होंगे। मतदाता जागरूकता के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गए की नोडल अधिकारी द्वारा एक वृहद कार्ययोजना बनाकर परसो तक प्रस्तुत की जाए। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए गए की सभी इंटर कालेजों में कक्षा 11 व कक्षा 12 के बच्चों के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए हर विद्यालय में एक दिन जागरूकता से संबंधित एक्टिविटी का आयोजन कराया जाए ताकि बच्चे अपने माता पिता और परिजनों को मतदान करने के लिए जागरूक कर सके। सूचना विभाग द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रमों के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करके प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। शहर के सभी चौराहों पर मतदाता जागरूकता संबंधित जिंगल्स, संदेशों का प्रसारण कराया जाए और मनोरंजन कर अधिकारी द्वारा मल्टीप्लेक्स और सिनेमाघरों में जागरूकता संबंधित ऑडियो वीडियो संदेश प्रसारित किए जाए। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर नगर आयुक्त ललित, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रथम धर्मेन्द्र, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी भूआ द्वितीय, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह, पीडी ग्राम्य विकास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**बूथो पर हो पेयजल की व्यवस्था**

बूथो के सम्बंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि जो बूथ जिस विभाग के है वहाँ की सभी व्यवस्था उसी विभाग के द्वारा की जानी है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी बूथो पर इन मुख्य बिन्दुओ जैसे रैंप की व्यवस्था, पेयजल, महिला व पुरुष के अलग अलग शौचालय, विधुत व्यवस्था, फर्नीचर व शेड की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि हर बूथ पर 1-1 महिला व पुरूष शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थाए 10 दिन के अंदर सुनिश्चित की जाए और फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही बूथ तक आने जाने का रास्ता भी चेक करा लिया जाए, की कहीं रास्ते पर जल भराव और गंदगी तो नही है। उक्त के साथ ही ऐसे बूथ जहा पर दिव्यांग (लोकोमोटर डिसेबिल व हैंडीकैप) मतदाता है उनको चिन्हित करते हुए उन पोलिंग स्टेशनों पर दिव्यांग शौचालय बनवाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही सभी तहसीलदार अपनी अपनी तहसीलों के अंतर्गत जो भी बूथ है वह यह सुनिश्चित कराए की किन किन बूथों पर और क्या क्या व्यवस्थाएं सुनिश्चित करानी है। उक्त के साथ ही जिन माल्टिस्टोरी बिल्डिंग्स में जो बूथ बने है वह पर बूथ संख्या और पोलिंग सेंटर के नाम से संबंधित बोर्ड लगवाना सुनिश्चित कराए।

**नोडल अधिकारी नामित**

बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट और सर्विस वोटर को व्यवस्थाः उक्त कार्य के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सचिव एलडीए को नोडल नामित किया गया हैं। साथ ही निर्देश दिया की लोकसभा लखनऊ और लोकसभा मोहनलालगंज के लिए 1-1 सहायक नोडल अधिकारी नामित करना सुनिश्चित किया जाए। पोलिंग बूथ की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त लिंक पर जाने के पश्चात एपिक नंबर या मोबाईल नंबर या अपना नाम पिता का नाम दर्ज करके मतदाता पर्ची निकली जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकार द्वारा बताया गया की अगले 7 दिन यह अभियान चलाया जाएगा जिसमे जनपदवासी अपना नाम मतदाता सूची में देखना सुनिश्चित करेगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वोटर पर्ची के वितरण से पहले एक पर्ची का वितरण कराया जाएगा, जिसमे जनपदवासियों के नाम जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी का संदेश भी होगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सिलेंडर फटने से पति-पत्नी समेत तीन बच्चों की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र स्थित हाता हजरत साहब निवासी दूध डेयरी कारोबारी मुशीर के घर में आग लगने से सिलेंडर ब्लास्ट से दो मंजिला मकान जमीदोज हो गया। देर रात हुए हादसे में कमरे में बंद पति-पत्नी समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि

**● चार घायल**

चार लोग घायल हो गए घर के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे में मकान मालिक मुशीर व पत्नी हुसना बानो समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि भाई पप्पू अली व बब्लू अली गंभीर रूप से घायल हो गए जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो शार्ट सर्किट से आग लगने के बाद ब्लास्ट होने का सिलसिला करीब आधे घंटे तक चलता रहा। जिसकी चपेट में आने से घरेलू सिलेंडर तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। यह भी बताया जा रहा है कि मुशीर पटाखा का कारोबार भी करते थे। जिसकी वजह से घर में भारी विस्फोटक सामग्री थी। देर रात तक रेस्क्यू कर राहत और बचाव का कार्य किया गया। खबर लिखे जाने तक देर रात तक मृतकों की संख्या की पुष्टि और नाम नहीं हो पायी है। उनके नाम की भी पुलिस पहचान कर रही है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं देर रात धमाकों की वजह से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## कारागार विभाग में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**लखनऊ।** कारागार विभाग के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर कुल 94 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता यथा- 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर तथा 1500 मीटर दौड़, ऊँचीकूद, लम्बीकूद, गोला फेंक में भाग लिया। इस वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत कारागार मुख्यालय व डा० सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान के मध्य बॉलीबालप्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया गया। जिसमें डा० सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान 2-1 से विजयी रहा। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक कारागार एसएनसाबत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप अन्तराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी जदार्शकर मिश्र उपस्थित रहे। पुलिस महानिदेशक कारागार ने कहा की खेलकूदप्रतियोगिताओं के माध्यम से जहाँ एक तरफ कारागार कार्मिकों के मन में उत्साह का संचार हुआ वहीं दूसरी तरफ अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्तरप्रदेश कारागार विभाग का नेतृत्व करने के लिए अच्छे खिलाड़ियों की पहचान भी हुई।

## नक्सली गतिविधियों में शामिल पति-पत्नी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में संलिप्त दो आरोपियों पति - पत्नी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उक्त साक्ष्यों के आधार पर कृपाशंकर सिंह व बिन्दा सोना उर्फ मन्जू उर्फ सुमन की गिरफ्तारी प्रयागराज से की गयी है।

यूपी एटीएस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पकड़े गए कृपाशंकर और बिन्दा सोना दोनो पति पत्नी है।यह प्रयागराज के थाना धूमनगंज के 41 / 218 उ / 10 प्रीतम नगर जयन्तीपुर के रहने वाले है।एटीएस की माने तो वर्ष 2019 में पांच जुलाई को धारा 120 बी और 121 आईपीसी का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में सात लोग आरोपी थे। जिन पर भारत के विभिन्न प्रान्तों में हो रही नक्सली घटनाओं को करने के षड़यन्त्र में शामिल होने का आरोप था।इस मुकदमे में विवेचना के दौरान दो आरोपी मनीष श्रीवास्तव तथा अमिता श्रीवास्तव को उसी समय एटीएस ने गिरफ्तार किया था।अन्य आरोपियों के विरुद्ध विवेचना चल रही थी। एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने बताया कि एटीएस ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाईसों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था।वर्ष 2023 में एफएसएल रिपोर्ट मिलने पर इस मुकदमे के दो नामजद आरोपी बृजेश कुशवाहा व प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस मामले में बिन्दा सोना एवं उसके संदिग्ध पति कृपाशंकर के विरूद्ध विवेचना चल रही थी।मौके से जब्त की गई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईसों और लैपटॉप की एफएसएल रिपोर्ट इस माह मिलने पर तमाम अभिलेखीय मिले।इस पर दोनो पति पत्नी साक्ष्य प्राप्त हुए इस पर दोनों आरोपियों को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( माओवादी ) जो कि भारत में प्रतिबंधित नक्सली संगठन है के प्रमुख सदस्य होने और इनके द्वारा भारत राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध की योजना बनाने के षड्यंत्र में शामिल होने तथा इसके लिए किसान मजदूर इत्यादि निम्न पूंजीपति वर्ग के लोगों को बहला फुसला कर संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करना प्रमाणित हुआ है।एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने बताया कि कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का रहने वाला है और देवरिया से पॉलीटेकनिक की शिक्षा ग्रहण की है।इसके बाद वह वर्ष 2004 में रायपुर छत्तीसगढ़ में बिनायक सेन व उनकी पत्नी एलीना सेन द्वारा संचालित एन.जी.ओ. रूपान्तर से जुड़कर काम करने लगा।वहीं इसकी मुलाकात एनजीओ में काम करने वाली बिन्दा सोना उर्फ मन्जू निवासनी कोटा बस्ती थाना आभा बाजार जिला रायपुर से हुई।एन.जी.ओ. में काम करने के दौरान ही इन लोगों ने विवाह किया और प्रतिबन्धित नक्सली संगठन भाकपा ( माओवादी ) से जुड़ गये।यह संगठन के निर्देश पर वर्ष 2007- में दोनों दिल्ली आ गये।

## चेकिंग के लिए रोकने पर टीएसआई से अभद्रता

**लखनऊ।** बाजारखाला के हैदरगंज चौराहे के पास चेकिंग के दौरान रोकर पर स्कूटी सवार ने टीएसआई से अभ्रदता करना शुरू किया। जब उसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो वह भाग निकला। टीएसआई ने बाजारखाला कोतवाली में आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराया है। यातायात पुलिस लाइन में तैनात अब्दुल हलीम के मुताबिक तीन फरवरी की दोपहर वह हैदरगंज चौराहे पर तैनात थे। चौक की तरफ से स्कूटी सवार उल्टी दिशा में आ रहा था। टीएसआई ने उसे रोक कर गलत दिशा में आने पर चालान के लिए कहा। इससे नाराज होकर स्कूटी सवार गाली गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर सिपाही भी आ गए। उनकी मदद से स्कूटी सवार को पकड़ने का प्रयास किया गया। इस बीच राहगीरों की भीड़ लग गई। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी स्कूटी लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष आर्या ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आवश्यकता है**

सूचित किया जाता हैं कि एक होर्मियोपैथी चिकित्सक की आवश्यकता है, संपर्क करें। जी. एच. आर. एफ. लखीमपुर खीरी। फोन न. 9415210372

**सूचना**

प्रार्थी सिद्धिशंकर तिवारी पुत्र स्व0 शिवपूजन तिवारी ग्राम कोल केशव पो0 एकौना जनपद देवरिया का निवासी है। प्रार्थी ने एक जमीन राऊतपार निवासी शारदा देवी पत्नी स्व रामविलास यादव ग्राम राऊतपार पार पो0 गांगुपार की जमीन खरीदी थी जिनका नाजरी नक्शा की फोटोकापी कराने को दिनांक 26.02.2024 अपने घर कोल केशव से हाटा बाजार गया, फोटोकापी कराने के बाद हाटा बाजार से अपने घर कोलकेशव पहुंचकर देखा कि नक्सा नजरी की मूल प्रति नहीं है। काफी खोजने पर भी नहीं मिला।

सिद्धिशंकर तिवारी
ग्राम कोल केशव
पो0 एकौना, जनपद देवरिया
मो0 :— 9454330012

# अवसादग्रस्त महिला चिकित्सक ने फांसी लगाकर दी जान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में मानसिक अवसादग्रस्त से ग्रसित डेंटल चिकित्सक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब परिजनों ने पुत्री को फंदे से झूलता देखा तो चीख-पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला युवा कल्याण अधिकारी पद से रिटायर्ड मुन्नू लाल रमन अपनी पत्नी नीता रमन समेत अपनी दो पुत्रियों एवं एक बेटे के साथ रतन खण्ड आशियाना में रहते है। जिनकी बड़ी पुत्री का विवाह हो चुका है। जो अपनी ससुराल में रहती है। जबकी दूसरे नंबर की पुत्री प्रियांशी रमन (32) पेशे से डेंटिस्ट थी। जो मकान के ही निचले तल पर रिलीफ डेंटल के नाम से क्लिनिक चलाती थी। मंगलवार की सुबह मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में दरवाजा भीतर से बंद करके पंखे के हुँक से साड़ी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह वह नहीं उठी तो परिजनों ने खिड़की से उसे फंदे के सहारे झूलता देखा तो चीख-पुकार मच गया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक मृतका मानसिक रूप से डिप्रेशन का शिकार थी। जिसका इलाज नूर मंजिल अस्पताल से चल रहा था। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**सफेद दाग से परेशान युवती ने दी जान:** शरीर पर सफेद दाग होने से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। थाना प्रभारी महिगवां ने बताया कि पंकज पाल निवासी ग्राम पलिया ने मंगलवार की सुबह सूचना दिया कि उसकी बहन ज्योति पाल उम्र करीब 20 वर्ष ने घर के द्वितीय तल में छत में लगे कुण्डे से नॉयलान की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कि मृतका अविवाहित थी और घर में रहती थी। जिसके शरीर पर सफेद दाग से थे। जिसको लेकर वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

**मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत:** कृष्णा इलाके में मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर कैलाश दुबे ने बताया की मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान गुड्डू (30) निवासी थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को जानकारी दे शव को लोकबंधु अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक कैटरिंग का काम करता था।

**जहर खिलाकर हत्या का आरोप:** मड़ियावं थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। महिला के परिजनों ने जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। सुमित तिवारी निवासी ग्राम नेवादा थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर ने बताया कि उसने अपनी बहन संध्या त्रिवेदी की शादी बीती 20 मई 2022 को आशुतोष त्रिवेदी निवासी त्रिलोकी बिहार कालोनी निकट ठाकुरलॉन, गौरभीट रोड के साथ हिन्दू रीति रिवाज से किया था। शादी के बाद से ही आशुतोष त्रिवेदी (पति), आलोक त्रिवेदी (जेठ), वंदना त्रिवेदी (जेठानी), एवं उनके चाचा लगातार दहेज की मांग करते थे। करीब एक माह पूर्व पांच लाख रुपए की मांग करते उन लोगों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसके बाद किसी तरह से एक लाख रुपए की व्यवस्था करके अपनी बहन को समझा बुझाकर 20 दिन पहले ही ससुराल भेज दिया था। बीते सोमवार को उसे दहेज की मांग को लेकर जमकर पीटा। उसके बाद जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी।

## तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर दो कावरियों की मौत

**लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंफर की चपेट में आकर दो कावरियों की मौत हो गयी। अर्जुन सिंह निवासी ग्राम कुदौरा बिल्हौर जनपद कानपुर नगर ने बताया कि गांव के ही नितिन कटियार उर्फ बिरू अपने सगे भाई रिषभ कटियार समेत अन्य लोग कावड़ लेकर जल चढ़ाने के लिए महादेवा जनपद बाराबंकी जा रहे थे। बीबीडी क्षेत्र में अयोध्या हाईवे पर ओमेगा ग्रीन पार्क के सामने तेज रफ्तार डंफर के चालक ने नितिन उम्र करीब 21 वर्ष व स्वनिल कटियार उर्फ बिरू उम्र करीब 23 वर्ष समेत सोनू कश्यप उम्र करीब 24 वर्ष को जोरदार टक्कर मारकर बाराबंकी की तरफ भाग निकला। जिसमें नितिन कटियार की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकी स्वनिल कटियार की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं सोनू गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस डंफर की तलाश कर रही है।

**ट्रक की चपेट में आकर मासूम की मौत:** पीएसी 32वीं बटालियन में राजेंद्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। मंगलवार को बेटे गोलू का बर्थडे था। शाम को घर पर पार्टी थी। जिसका सामान खरीदने के लिए राजेंद्र की पत्नी भाग्य लक्ष्मी बेटे के साथ चिल्लावां साप्ताहिक बाजार जा रही थी। घर से निकल कर मां-बेटे तीन नम्बर बगिया के पास पहुंचे थे। तभी आलमबाग की तरफ से आ रहे बेकाबू ट्रक ने मां-बेटे को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से गोलू करीब दस फीट दूर जा गिरा। सड़क से सिर टकराने से वह खून से लथपथ हो गया था। वहीं, भाग्य लक्ष्मी भी बुरी तरह से घायल हुई थीं। मां-बेटे को टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि ने बताया कि भाग्य लक्ष्मी और गोलू को अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।

**शाम को बेटे का था बर्थडे:** मंगलवार को बेटे गोलू का बर्थडे था। घर में छोटी सी पार्टी रखी गई थी। ऑफिस जाते वक्त पत्नी भाग्य लक्ष्मी से बेटे के लिए केक व अन्य सामान लाने को कहा था। दोपहर में हुए हादसे के बाद पुलिस ने राजेंद्र को फोन किया। बेटे गोलू की मौत की बात सुन कर राजेंद्र बदहवास हो गया। साथी पीएसी कर्मी उसे ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां बेटे का शव देख पिता बिलखने लगा और शव से लिपट गया। वहीं केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती भाग्य लक्ष्मी की हालत भी गम्भीर बनी हुई है।

# सेक्सटार्शन गिरोह ने वृद्ध से हड़पे 93 हजार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नाका कोतवाली में वृद्ध ने सेक्सटार्शन गिरोह के तीन लोगों पर 93 हजार रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। दुगावां निवासी वृद्ध के पास नेहा शर्मा की फेसबुक आईडी से रिक्वेस्ट आई थी। बातचीत में पता चला कि नेहा राजस्थान की रहने वाली है। पीड़ित के मुताबिक आर्थिक परेशानी का हवाला देते हुए नेहा ने कई बार रुपये लिए थे। चार फरवरी को युवती ने व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर मोबाइल दिलाने के लिए कहा था। वृद्ध तैयार नहीं हुए। इसके बाद युवती ने वीडियो कॉल की थी। पीड़ित के मुताबिक नेहा ने उनकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की बात कहते हुए फोन काट दिया था। इसके बाद वृद्ध के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले दिल्ली क्राइम ब्रांच के गौरव मल्होत्रा के तौर पर पहचान बताते हुए यूट्यूब पर वीडियो वायरल होने का दावा किया। वहीं, वीडियो डिलीट कराने के बदले कई टुकड़ों में 93 हजार रुपये जमा करा लिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग की जाती रही। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने नाका कोतवाली में मुदकमा दर्ज कराया है।

**छात्रा से की छेड़छाड़:** बाजारखाला कोतवाली में छात्रा ने पूर्व परिचित के खिलाफ छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। सआदतगंज निवासी 20 वर्षीय युवती की दोस्त बाजारखाला एलडीए कॉलोनी निवासी जुनैद खान से हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। इस बीच आरोपी की गलत हरकतों के बारे में युवती का पता चला। इसके चलते पीड़िता ने जुनैद से दोस्ती तोड़ ली थी। युवती के मुताबिक, बातचीत बंद होने के बाद से ही जुनैद नम्बर बदल कर कॉल करता था। फोन नहीं उठाने पर वह युवती का पीछा कर उसे परेशान करने लगा था। 25 फरवरी की शाम युवती एक शादी समारोह में जा रही थी। घर से निकलते ही आरोपी पीछे लग गया और रास्ते में छेड़छाड़ की। शोहदे से बच कर किसी तरह से शादी समारोह में पहुंची। लेकिन उसने डर की वजह से शिकायत नहीं की थी। आरोप है कि शिकायत नहीं होने पर जुनैद को शह मिल गई। जिसके चलते आरोपी ने युवती की फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर संतोष आर्या ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**महिला का फेसबुक एकाउंट हैक कर पोस्ट की अभद्र टिपण्णी:** महिला का फेसबुक एकाउंट हैक कर अभद्र टिपण्णी करने पर कृष्णानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया कि संजय गांधी माता आजादनगर निवासी महिला पूनम शुक्ला का फेसबुक एकाउंट हैक कर अभद्र प्रकार का पोस्ट किया जा रहा था। जिसेहैं अभद्र पोस्ट को देखते ही महिला ने अपना फेसबुक एकाउंट तत्काल बंद कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

**नाबालिग को पुलिस सकुशल किया बरामद:** पुलिस ने गांव से भागा ले गयी नाबालिग को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव की नाबालिक लड़की को गांव का ही युवक बहला-फुसला कर डेढ़ माह पूर्व भगा ले गया था। आरोप है कि युवक ने लड़की के आधारकार्ड में आयु बढ़वा कर शादी कर ली थी। जिसकी तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को गोपरामऊ झिनगी नाले की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। जबकि आरोपी सरसनडा गांव निवासी राजाबाबू को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# यूपी पुलिस को मिले 217 नये कांस्टेबल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी पुलिस को मंगलवार को 217 नए कांस्टेबल मिल गये। पीएसी परेड ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड की सलामी आईजी पीएसी मुख्यालय और पीएसी कमांडेंट अतुल शर्मा ने ली।

पीएसी कमांडेंट अतुल शर्मा ने बताया कि नये कांस्टेबल में 132 पुरुष व 85 महिला कांस्टेबल यूपी पुलिस को मिले हैं। उन्होंने बताया कि 2023 मे खिलाड़ी कोटे से यह भर्ती हुई थी। सभी कांस्टेबल अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। श्री शर्मा ने बताया कि नये कांस्टेबल में यूपी उत्तराखंड पंजाब हरियाणा राजस्थान गुजरात झारखण्ड छत्तीसगढ़ उड़ीसा कर्नाटक व केरल के रहने खिलाड़ी शामिल हैं।पासिंग आउट की सलामी आईजी पीएसी मुख्यालय आशुतोष कुमार व 35वी पीएसी कॉमनडेंट अतुल शर्मा ने ली।

## कोर्ट के आदेश पर डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर कोतवाली में मरीज की मौत पर डाक्टर के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाकर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। बंथरा निवासी अखिलेश कुमार के अनुसार सर्दी होने की शिकायत पर 23 अक्टूबर को वह पिता कल्लू प्रसाद को निजी अस्पताल ले गए थे। वहां डॉ. विनीत कुमार ने इलाज किया। आरोप है कि सर्दी के कारण तबीयत खराब होने की बात कह कर कल्लू को वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इस बीच अस्पताल खर्च के नाम पर लगातार रुपये जमा कराए गए। अखिलेश के मुताबिक पिता कल्लू प्रसाद के पास आयुष्मान कार्ड था। इसके बाद भी दवा और इलाज का खर्च नगद में जमा कराया गया। 31 अक्टूबर को कल्लू की मौत होने के बाद उन्हें जबरन वेटिलेटर पर रखा गया। इस बात की शिकायत पीड़ित अखिलेश ने बिजनौर कोतवाली में की थी। वहां मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। परेशान होकर पीड़ित ने न्यायालय में अर्जी दायर की थी। कोर्ट से आदेश मिलने पर डॉ. विपिन कुमार और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि0ख0 मोतिगरपुर, सुलतानपुर में एसएलडब्ल्यूएम योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत आरआरसी, स्क्रैप स्टोर, वाटर टैंक, सेगरीगेशन प्लेटफॉर्म, सोख्ता फिट, वर्मी कंपोस्ट फिट, ई-रिक्शा/ठेला आदि निर्माण कार्य। | 6,39,466 रुपये। | बालू, मोरंग, पत्थर (20 एम एम), ईंट, सीमेंट ईंट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चददर शेड, मिट्टी, ई-रिक्शा/ठेला व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.-हमजाबाद, वि.ख.-मोतिगरपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्पोजिट विद्यालय पलियागोलपुर में एमडीएम शेड मरम्मत एवं टाइलीकरण कार्य। | 1.05 लाख। | टीनशेड, मोरंग, सीमेंट, टाइल्स व अन्य सामग्री। |
| 2. | सामुदायिक शौंचालय पर नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग एवं अन्य कार्य। | 2 लाख। | इंटरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, ईंट प्रथम श्रेणी व अन्य सामग्री। |
| 3. | चमनगंज रमजान के घर से पिचरोड तक नाली निर्माण कार्य। | 2.50 लाख। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |
| 4. | पलिया शिवपूजन के घर से बदरी के घर तक खंड़जा मरम्मत कार्य। | 2.50 लाख। | ईंट एसओबी व अन्य सामग्री। |

**नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- पलियागोलपुर, वि.ख.- दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-05.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अलहदादपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 13.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | संतोखी के राइसमिल से महेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 100 मीटर x3 मीटर। | 5,15,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2 | राम करन के घर से सूर्यकांत तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 100 मी0x2.50 मीटर। | 4,45,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | फरवरवा इंटरलॉकिंग से शमशान घाट तक मिट्टी एवं खड़ंजा कार्य। माप- 400 मी0x3 मी0। | 6,57,000 रुपये। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |
| 4. | पंचायत भवन में टाइल्स कार्य। माप-240 वर्ग मीटर। | 4,85,000 रुपये। | टाइल्स, सीमेंट, मोरंग व अन्य सामग्री। |
| 5. | छविलाल के घर से इंद्र कुमार सोनी के घर होते हुए मुस्तफा के घर तक नाली एवं पटिया निर्माण कार्य। माप-90 मीटर | 2,40,000 रुपये। | सीमेंट, मोरंग, सरिया व अन्य सामग्री। |
| 6. | पिच रोड से फातिमा के घर तक बंद नाली एवं इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 74 मी0x2.40 मी0। | 3,80,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.-हमजाबाद, वि.ख.-मोतिगरपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खगियापुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक- 05.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | मुर्तिजा के घर से अय्यूब के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.85 घन मी. | 6147 नग | 19.69 घन मी. | 7447 नग | 77 बैग | 4.1 घन मी. |

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03. 2024 तक रूपये मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत खगियापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**बबली शुक्ला**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खगियापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**कुलदीप**
**ग्रा0पं0वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत खगियापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरवा विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक- 05.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | हजारी यादव के घर से सुन्दर यादव के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 23.89 घन मी. | 9713 नग | 47.77 घन मी. | 18200 नग | 162 बैग | 6.68 घन मी. |
| 2 | आर.सी.सी. रोड से रामकृपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 27.27 घन मी. | 10513 नग | 54.53 घन मी. | 16188 नग | 183 बैग | 7.23 घन मी. |

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत देवीपुरवा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।।

**विरेन्द्र वर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत देवीपुरवा**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**आशुतोष पाण्डेय**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत देवीपुरवा**
**विकास खण्ड धौरहरा**

# इस महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों को मिलेगा 3 व्रत का पुण्य



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 8 मार्च दिन शुक्रवार को है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि पर विधि विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि पर इस बार एक या दो नहीं बल्कि तीन तीन व्रत का लाभ मिलने जा रहा है। दरअसल इस दिन आप महाशिवरात्रि के साथ तीन और व्रत का पुण्य लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आइए जानते हैं महाशिवरात्रि पर कौन कौन से व्रत का लाभ मिलने जा रहा है।

**शुक्र प्रदोष व्रत:** महाशिवरात्रि के दिन इस बार आप प्रदोष तिथि का व्रत भी कर पाएंगे। दरअसल प्रदोष तिथि का व्रत त्रयोदशी में किया जाता है और इस बार यह तिथि 7 अक्टूबर को रात 1 बजकर 20 मिनट से आरंभ हो रही है और 8 अक्टूबर को 9 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। इस वजह से प्रदोष तिथि का व्रत भी 8 अक्टूबर को ही किया जाएगा। चूंकि प्रदोष तिथि शुक्रवार के दिन पड़ रही है इस वजह से इस व्रत को शुक्र प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा। इस बार प्रदोष तिथि और महाशिवरात्रि की पूजा निशीथ काल में ही की जाएगा।

**महाशिवरात्रि व्रत:** महाशिवरात्रि का व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विधि विधान से इस व्रत को रखने से भक्तों के सभी दुखों, पीड़ाओं का अंत होता है और मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। महाशिवरात्रि का व्रत चतुर्दशी तिथि को किया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 8 अक्टूबर को रात 9 बजकर 58 मिनट से आरंभ हो रही है, जो अगले दिन शाम 9 अक्टूबर को 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो रहा है। इस बार निशीथ काल में चतुर्दशी तिथि रहेगी और मान्यता है कि निशीथ काल में शिव पूजन करना सर्वोत्तम होता है।

**शुक्रवार का व्रत:** प्रदोष व्रत और महाशिवरात्रि का व्रत के साथ इस दिन आप शुक्रवार का व्रत भी कर पाएंगे। शुक्रवार को वैभव लक्ष्मी और संतोषी माता का व्रत किया जाता है। तो इस बार भगवान शिव के साथ महालक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होगी। शुक्रवार को इस बार शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, सिद्धि योग समेत कई दुर्लभ योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व बढ़ गया है।

## मनकामेश्वर मंदिर में सजा भोले बाबा का विवाह मंडप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महाशिवरात्रि से पूर्व डालीगंज स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में मंगलवार से देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के विवाह समारोह की रस्मों का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में जगतजननी माता पार्वती का सुंदर विवाह मंडप सजाया गया। उसमें विवाह का खम्ब भी गाड़ा गया। मंदिर परिसर में मुख्य सेवादार उपमा पांडेय ने ... भोले बाबा को हल्दी लगाओ रे... लोकगीत गाकर हल्दी चढ़ाने की रस्म पूरी की। इस दौरान महिलाओं ने हल्दी गीतों पर झूमकर नृत्य किया। वहीं सेवादार महिलाओं ने भोलेनाथ के चढ़ावे की सामान कपड़े, साड़ी, सुहाग की सामग्री के साथ फल, मिठाई लेकर क्षेत्र में गाते - बजाते हुए यात्रा भी निकाली। इस कार्यक्रम में सुनीता गुप्ता, किरण कपूर, ज्योति जायसवाल, गौरजागिरी समेत अन्य महिलाएं शामिल हुईं। मंदिर मठ की महंत देव्यागिरी जी महाराज ने बताया कि मंडप में बुधवार को मेहंदी की रस्म की जाएगी।

**शिव-पार्वती विवाह की कथा सुन भावविभोर भक्तों ने की पुष्प वर्षा:** शाश्वत व आशियाना परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा में मंगलवार को महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतानंद सरस्वती जी ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की सुंदर कथा सुनाई। इस दौरान भोलेबाबा और माता पार्वती के विवाह की झांकी भी सजाई गई। विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए भक्तों ने शिव-पार्वती की झांकी पर पुष्पों की वर्षा की। वहीं शिव-पार्वती के विवाह गीत गाकर आनंद में खूब झूमे। एलडीए कॉलोनी, आशियाना सेक्टर-एफ स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में चल रही कथा में विवाह की कथा सुनाने हुए महामंडलेश्वर स्वामी उमाकांतानंद जी ने कहा नंदी पर सवार भोलेनाथ भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे। यह देखकर पर्वतराज हिमालय और उनके परिजन अचंभित रह गए लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। कथा में मुख्य यजमान राज दुबे और अंजू दुबे, सीके गुप्ता, राज नारायण समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बुक फेयर में नामी किताबें और बाल साहित्य की भरमार

- रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेले का चौथा दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग लान के वाटरप्रूफ पाण्डाल में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला के चौथा दिन विमोचन और चचाओं का दौर जारी रहा। पाण्डाल में आज भी साहित्य व पुस्तक प्रेमियों के बीच बच्चों की किताबों की चर्चा विशेष चर्चा चली तो मेले के स्टालों पर ख्याति प्राप्त रचनाकारों की किताबों की बिक्री चलती रही।

मेले में बच्चों की किताबों के संग स्कूलों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बड़ी मात्रा में और नये ढंग की दिखायी दे रही है। स्टाल धारक अभिनव छाबड़ा ने बताया कि उनके स्टाल पर प्रतिष्ठित रचनाकारों की युगांधार, मृत्युंजय, राग दरबारी, देवदास, गुनाहों के देवता, चित्रलेखा, कनुप्रिया जैसी बहुत सी किताबें फिर से मंगानी पड़ी हैं। मेले के सुभाष बुक स्टोर में राजकमल, वाणी, राजपाल, ज्ञानपीठ जैसे प्रमुख प्रकाशकों की किताबें हैं। मेले में कुमार विश्वास के संपादन में निकली जान एलिया की शायरी की किताब यानी, अमरेश द्विवेदी की रंग पुटुसिया और यतीन्द्र मिश्र की किताब गुलजार साहब : हजार राहें मुड़ के देखीं... जैसी पुस्तकें खूब पसंद की जा रही हैं। आम तौर पर मेले में हर पुस्तक पर 10 प्रतिशत छूट है, पर यहां सभी किताबों पर 20 प्रतिशत छूट मिल रही है।

साहित्यिक मंच पर आज किन्नरों पर महत्वपूर्ण साहित्य रच चुके लेखक महेंद्र भीष्म की एक और औपन्यासिक पुस्तक बैरी पर सार्थक चर्चा हुई। इस मौके पर महेंद्र भीष्म के पिता बृजमोहन अवस्थी की पर्यटन पर आधारित पुस्तक बुन्देलखण्ड का सेनापति का विमोचन भी हुआ। साहित्य आराधन की ओर से कृष्णेश्वर डींगर के जन्मदिवस पर अलका प्रमोद के बाल कहानी संग्रह चाँद पर क्रिकेट व महँगी पड़ी शरारत के संग बाल काव्य संग्रह चहकता बचपन का विमोचन इतिहासविद रवि भट्ट, महिला डिग्री कॉलेज की सीनियर असि.प्रोफेसर डा.रश्मि श्रीवास्तव, साहित्यकार श्रीमती स्नेहलता, श्रीमती नीलम राकेश, प्रमोद कुमार पाण्डेय और डा.अमिता दुबे के रचनाओं पर विचार रखने के साथ हुआ।

डा.योगेश के संचालन में वक्ताओं ने कहा कि महाभारत के विकर्ण पात्र पर पहली बार महाकाव्य लिखा गया। डा.सत्यदेव प्रसाद पथिक ने इसे एक श्रेष्ठ महाकाव्य बताया। प्रो.उषा सिन्हा ने कहा कि विकर्ण के बारे में कम लोगों को ज्ञात था। दुर्योधन के छोटे भाई होते हुए भी विकर्ण ने द्रोपदी चीरहरण का बहुत विरोध किया था। दुर्योधन के प्रत्येक गलत काम का वे विरोध करते रहे, किन्तु उन्हें बालक मानकर ध्यान नहीं दिया गया। डा.वीजी गोस्वामी ने पुस्तक को एक असाधारण कृति बताते हुए कहा कि बहुत ही सरल और सरस भाषा में लिखा गया है जो जन सामान्य के समझने योग्य है। साहित्य कल निःशुल्क प्रवेश वाले मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। यह मेला फोर्स वन बुक्स के साथ विश्वम फाउण्डेशन, ओरिजिन्स, ट्रेड मित्र और ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन आदि के सहयोग से हो रहा है।

**विधानसभाध्यक्ष होंगे यहां सात को किताबों के बीच:** संयोजक मनोज चंदेल ने बताया कि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लखनऊ पुस्तक मेले में सात मार्च को पुस्तकों का लोकार्पण करेंगे। मेला मंच पर वे रचनाकार डा.मनीष शुक्ल की पुस्तक प्रोफेसर माँ के लाल, वरिष्ठ पत्रकार श्रीधर अग्निहोत्री की किताब भुला न देना के साथ ही रश्मि कौशल की किताब महाशून्य का विमोचन करेंगे। इस मौके पर डा.अमिता दुबे, प्रो.सौरभ मालवीय, बालेंदु द्विवेदी, अलका प्रमोद व रेखा बोरा। की उपस्थिति में काव्य समारोह होगा।

## मौसमगंज रामलीला मानस मन्दिर रुद्राभिषेक सम्पन्न



**लखनऊ।** डालीगंज स्थित मौसमगंज रामलीला मैदान मैदान मानस में रुद्राभिषेक पंडित लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, अमित मिश्रा, संजय पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया अभिषेक में धनश्याम दास अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण, महेश चंद्र, सुभाष, लोकेश, दिनेश, उमेश, सुभाष चंद्र, शिव बिहारी, हरी किशन उपस्थित रहे।

## अलका प्रमोद की बाल कहानी व कविता संग्रह का हुआ लोकार्पण

**लखनऊ।** रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला में मंगलवार को अलका प्रमोद की बाल साहित्य की तीन कृतियों का लोकार्पण हुआ। इनमें उनकी बाल कहानी संग्रह चांद पर क्रिकेट व महंगी पड़ी शरारत और बाल कविता संग्रह ह्यचहकता बचपन शामिल थीं। साहित्य आराधन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार कृष्णेश्वर डींगर की जयंती पर उनकी स्मृति को समर्पित था। इस अवसर पर इतिहासविद रवि भट्ट, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रश्मि श्रीवास्तव, स्नेहलता, नीलम राकेश, संस्था की अध्यक्ष डॉ अमिता दुबे, अलका अस्थाना समेत अन्य लेखक व साहित्यकार मौजूद रहे।

# समाज के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित है 'फर्ज के फरिश्ते'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ के बैनर तले नीना मेमोरियल फिल्म एण्ड नाट्य कला रंगमंच के कलाकारों द्वारा अधिवक्ताओं के समाजिक न्याय के लिए बलिदान और ज्वलंत मुद्दों पर आधारित फर्ज के फरिश्ते नाटक का मंचन बाल्मीकि रंगशाला संगीत नाटक अकादमी में किया गया। इस मौके पर दस अधिवक्ताओं को लाईफ टाईम अचीवमेंट पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर कार्यकम में सम्मानित किया गया।

नाटक में हाईकोर्ट अधिवक्ता ठाकुर पदम कीर्ति की बड़ी बहन ठाकुर लक्ष्मी सिंह पुलिस कमिश्नर है। दोनो ईमानदार फर्ज के लिए समर्पित है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को शक है कि किसान शक्ति सिंह दुर्दान्त अपराधी है जबकि पदम कीर्ति पुलिस कस्टडी में क्लाइंट गुरजर की हत्या न्यायालय परिसर में किये जाने से आहत है। अधिवक्ता पदम कीर्ति बार की अध्यक्ष बन जाती है तो लक्ष्मी सिंह पदम कीर्ति को वकीलों के हितों के लिए लाठी हाथ में लेकर धरना प्रदर्शन करके कानून अपने हाथ में लेने से रोकती है। लाठी चार्ज में पदम कीर्ति घायल हो जाती है। चंचल मिश्रा विधायक पदम कीर्ति की जूनियर शैली से अधिवक्ता जिसके भाई सांसद है के विरुद्ध केस लड़ने के लिए मिलता है। पदम कीर्ति केस झूठा होने पर पैरवी छोड़ देने की शर्त पर केस स्वीकार करती है। कुलभूषण विधायक शक्ति सिंह की जमीन का मुकदमा जीतकर कब्जा कर लेता है। पदम कीर्ति कोर्ट में अपील करती है। कुलभूषण पदम कीर्ति को खरीदने की नाकाम कोशिश करता है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह कुलभूषण को घर से भगा देती है। अजय गुरजर अपने भाई गुरजर की कोर्ट परिसर में कुलभूषण के गुण्डों द्वारा हत्या और न्यायालय अवमानना के दोषी वकील चौधारी सबल राठौर द्वारा उसके पिता को झूठी दलीलो पर फांसी होने का बदला लेने की सौगंध लेता है। पदम कीर्ति अजय गुरजर को कानून हाथ में लेने से मना करती है। पिछडे समाज के दिलीप नेता के कहने पर पदम कीर्ति समाज की बेटी के बलात्कार का केस और पत्रकार शिखा के अधिवक्ता पति की हत्या का केस लड़ने को तैयार हो जाती है। किसान शक्ति सिंह का न्यायालय से विश्वास उठ चुका है। वह पद्म कीर्ति से कहता है कि न्याय तो पूंजीपतियों की तिजोरी और बलवानों की मुट्ठियों में बंद हो चुका है। विधायक कुलभूषण पदमकीर्ति को धमका कर किसान शक्ति सिंह से समझौते का दबाओ बनाता है। किसान शक्ति सिंह गिरफ्तारी से बचने के लिए अधिवक्ता का वेश धर लेता है। विधायक कुलभूषण शक्ति सिहं को मारने के लिए अपने साथियों को बुलाता है। अजय गुरजर आकर विधायक कुलभूषण और शक्ति सिंह जो कि अधिवक्ता चौधरी सबल राठौर है कि हत्या कर के फरार हो जाता है। अधिवक्ता पदम कीर्ति और उसकी जूनियर शैली निर्दोश सबल राठौर की लाश पर विलाप करते हुए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करतीं है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह भी अधिवक्ता चौधरी सबल राठौर को सुरक्षा प्रदान ना कर पाने पर अपना सिर झुका लेती है। मंच पर कुमारी निदा फात्मा, शिवानी उर्फ संतोष, शक्ति मिश्रा, अनिलचन्द्र सैनी अजय गुरजर अजय यादव, राजेश सक्सेना, शिखा कोरी शैली गुप्ता करिश्मा ने अभिनय किया।

## कल बुध और शुक्र की बदलेगी चाल, कई राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बुध देव को बुद्धि, तर्क, संवाद, गणित, चतुरता और मित्रता का कारक ग्रह कहा जाता है। बुध देव को राजकुमार भी कहा जाता है। बुध के शुभ होने पर जहां व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है। वहीं ज्योतिष में शुक्र को भौतिक सुख, वैवाहिक सुख, भोग-विलास, शौहरत, कला, प्रतिभा, सौन्दर्य, रोमांस, काम-वासना और फैशन-डिजाइनिंग के कारक ग्रह हैं। शुक्र, वृष और तुला राशि के स्वामी होते हैं और मीन इनकी उच्च राशि है, जबकि कन्या इनकी नीच राशि है। शुक्र देव के शुभ होने पर व्यक्ति का भाग्योदय हो जाता है। ज्योतिषशास्त्र में ग्रहों के राशि परिवर्तन को बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रहों के राशि परिवर्तन करने से सभी 12 राशियां प्रभावित होती हैं। कुछ राशि वालों को शुभ तो कुछ राशि वालों को अशुभ फल की प्राप्ति होती है। 7 मार्च को बुध और शुक्र राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं। इस दिन बुध मीन राशि में प्रवेश करेंगे और शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। बुध और शुक्र के राशि परिवर्तन करते ही कुछ राशि वालों का भाग्योदय होना तय है।

**मिथुन राशि:** सुख-समृद्दि और पद- प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग बन रहे हैं। धन-लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। इस दौरान आपको कार्यक्षेत्र में तरक्की और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए साल में आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति भी कर सकेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को शुभ समाचार मिल सकता है।

**सिंह राशि:** शुभ फल की प्राप्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा, लेकिन धन का खर्च सोच- समझकर ही करें। कार्यों में सफलता के योग बन रहे हैं। सुख-समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में सुख का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करें। इस दौरान आपको धन प्राप्ति के योग बनेंगे। आपके संचार कौशल में वृद्धि और वाणी में मधुरता आएगी। आप सभी को प्रभावित करने में सफल रहेंगे।

**कन्या राशि:** आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में तरक्की के योग बन रहे हैं। जीवन आनंद से भर जाएगा। शुभ प्रभाव से जीवन आनंद से भर जाएगा। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिल सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक राशि:** आय में वृद्धि के योग बनेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करें। सुख- सुविधाओं में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको आर्थिक मोर्चे पर लाभ मिलेगा। इस दौरान आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा।

## कन्हैयालाल का महाकाव्य 'विकर्ण महान' गागर में सागर है : अशोक पांडेय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जिस तरह सूर्य चहु दिशा को प्रकाशमान करता है, ठीक उसी प्रकार साहित्यकार कन्हैयालाल ने अपने महाकाव्य 'विकर्ण महान' की रचना कर साहित्य जगत को प्रकाशित करने का काम किया है। यह बात आज वरेण्य अतिथि प्रो. डॉ उषा सिन्हा ने नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में रवींद्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला मे वरिष्ठ साहित्यकार/लेखक कन्हैयालाल के सद्यः प्रकाशित महाकाव्य 'विकर्ण महान' के लोकार्पण समारोह में कही। इस अवसर पर डॉ उषा सिन्हा, डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी, आचार्य ओम नीरव, अशोक पांडेय अशोक और डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी ने कन्हैयालाल के सद्यः प्रकाशित महाकाव्य ' विकर्ण महान ' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेश ने किया। डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी ने कहा कि कन्हैया लाल का महाकाव्य 'विकर्ण महान' एक श्रेष्ठ महाकाव्य है, इसकी भाषा सरल और सुबोध है। विशिष्ट अतिथि आचार्य ओम नीरव ने कहा कि 'विकर्ण महान' महाकाव्य की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसे साधारण व्यक्ति भी बड़ी सुगमता से समझ सकता है। अशोक पांडेय अशोक ने कहा कि कन्हैया लाल एक साधनाशील कवि हैं, और इनका महाकाव्य 'विकर्ण महान' अपने आप में गागर में सागर है। मुख्य वक्ता डॉ सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि कन्हैया लाल सांस्कृतिक बोध मे उजार्वान कवि हैं। आपका भारतीय दर्शन, अध्यात्म, सामाजिक सदभाव, मानवीय जीवन मूल्यों पर अटूट विश्वास एवं आस्था आपकी कृतियों मे वर्णित है। कन्हैया लाल की कृति 'विकर्ण महान' महाकाव्य सरस, सरल शैली में सर्वग्राह्य है। लोकार्पण अवसर पर महाकाव्य 'विकर्ण महान' के लेखक कन्हैया लाल ने बताया कि इस महाकाव्य में तेरह सर्ग और 324 छंद निहित हैं, जो दुर्योधन के छोटे भाई बालक विकर्ण के व्यक्तित्व पर केन्द्रित है।

# औरतों से जुड़ी समस्याओं को सामने लाती है 'लापता लेडीज'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कलाकार– स्पर्श श्रीवास्तव, नीतांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, रवि किशन, सतेंद्र सोनी, दुर्गेश कुमार
- डायरेक्टर : किरण राव

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** महिलाओं के मुद्दों और पैट्रियाकी पर अब तक कई फिल्में बनीं हैं। खास तौर पर फीमेल डायरेक्टर्स ने औरत की दशा और दिशा पर अपनी फिल्मों द्वारा कई बार बहस चलाई है, मगर निर्देशक किरण राव अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' में औरतों को लेकर पितृ सत्तात्मक सोच, लैंगिक असमानता, शिक्षा, दहेज प्रथा, आत्मनिर्भरता, घरेलू हिंसा, हीनता जैसे तमाम मुद्दों को परत दर परत उधेड़ती जाती हैं। उनकी फिल्म की खूबी ये है कि वे न सिर्फ औरतों से जुड़ी समस्याओं को सामने लाती हैं, बल्कि उनका समाधान देने का प्रयास भी करती है और वो भी हल्के-फुल्के अंदाज में।

कहानी का बैकड्रॉप आज से तकरीबन दो दशक पहले के ग्रामीण इलाके का है, जो कहीं मध्य प्रदेश में काल्पनिक निर्मल प्रदेश का है। दीपक (स्पर्श श्रीवास्तव) अपनी नई ब्याहता फूल (नितांशी गोयल) को घर लिवाने आया है। शादियों का मौसम जोरों पर है, तो हर जगह नई-नई दुल्हनें लाल जोड़ों में घूंघट ओढ़े हुए दिखती हैं। दीपक और फूल जिस ट्रेन में चढ़ते हैं, उसी में शादी का एक और जोड़ा भी है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब दीपक को घर आकर पता चलता है कि उसकी दुल्हन बदल गई है। वह लंबे घूंघट के कंफ्यूजन में किसी और की दुल्हन पुष्पा (प्रतिभा रांटा) को घर ले आया है। फूल किसी तरह खुद को दूसरे दूल्हे के घर जाने से बचा लेती है और स्टेशन पर ही रह जाती है। यहां दीपक जोर-शोर से फूल को ढूंढ रहा है और वो पुलिस थाने जाकर दारोगा (रवि किशन) के पास रिपोर्ट भी दर्ज कराता है, तो वहां पुष्पा का पति पुष्पा पर गहने चोरी कर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज करा देता है। तहकीकात में पुलिस को पुष्पा पर शक होता है कि वह किसी गिरोह का हिस्सा है। क्या वाकई पुष्पा किसी अपराध में लिप्त है? क्या दीपक अपनी फूल को ढूंढ पाता है? दुल्हनों का पता चलने पर क्या ये अपनी मंजिल की ओर जा पाती हैं? इन तमाम सवालों का जवाब आपको फिल्म देखने के बाद मिलेगा। 'धोबी घाट' जैसी फिल्म का निर्देशन कर चुकी किरण ने अपनी फिल्म के जरिए कई मुद्दों को उठाया है, मगर उन्होंने फिल्म को कहीं भी प्रीची नहीं होने दिया है। जिस घूंघट के कारण दुल्हनों की अदला-बदली हुई है, वो भी एक तरह से पितृ सत्तात्मक सोच पर प्रहार करता है और इसी पॉइंट पर वो फिल्म का मिजाज सेट कर देती हैं। ग्रामीण परिदृश्य में कई महिला पात्र हैं और हर पात्र के जरिए वे एक मुद्दे को चिन्हित करती हैं, जैसे अनपढ़ फूल ब्याह करके ही खुश है, मगर स्टेशन पर रहते हुए उसे अपनी कुकिंग स्किल का पता चलता है और वो खुद को आत्मनिर्भर बनाती है। दूसरी तरफ पुष्पा है, जो आगे पढ़कर कुछ बनना चाहती है। स्टेशन पर चाय की दुकान चलाने वाली मंजू (छाया कदम) ने घरेलू हिंसा और नाकारा पति को नकार कर अकेले ही अपनी जिंदगी जीने का फैसला किया है। दीपक की भाभी का किरदार एक ऐसी महिला का है, जो लंबे अरसे से परदेस में रहने वाले पति की एक ड्राइंग बनाकर उसके इंतजार में दिन काट रही है। किरण इस बात पर भी गहरा कटाक्ष करती हैं कि समाज की 'इज्जतदार लड़की' सबसे बड़ा फ्रॉड है, वो इसलिए कि इस तमगे के कारण वह कभी सवाल नहीं कर पाती। लेकिन किरण के निर्देशन की खूबी ये है कि इतने सारे मुद्दों के साथ फिल्म हेवी नहीं होती।

# धारा 370 को खत्म करने का काम मोदी सरकार ने किया: मेघवाल

रिष्ठ संवाददाता (vol)

- केंद्रीय मंत्री ने की उत्तर प्रदेश की कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना की सराहना
- भाजपा लखनऊ महानगर ने शक्ति केन्द्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन सम्पन्न



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर ने शक्ति केन्द्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन का आयोजन विश्वेश्वरैया सभागार में मंगलवार को हुआ।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बतौर मुख्य अतिथि आये केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत के साथ लोकसभा चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यम्बक त्रिपाठी, एमएलसी मुकेश शर्मा, मोहसिन रजा एवं पार्टी पदाधिकारियों समेत शक्ति केन्द्रों के संयोजक, प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत अभियान किया।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारतीय संविधान संसदीय लोकतंत्र प्रणाली से चलता है जिस दल के लोकसभा सदस्य ज्यादा होंगे उसे दल का प्रधानमंत्री चुना जाता है। 2014 की निर्णायक सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार ने निर्णय लिया कि एंग्लो इंडियन में निर्धारित सीटों दो सीटों की क्या जरूरत है जिसे खत्म करने का काम किया। अब 542 सीटों में बहुमत से 272 सीटों का आंकड़ा आने पर सरकार को बनाने का आमंत्रण प्राप्त होता है। इस देश में ऐसी भी परिस्थिति मिली बनी जब दो दलों मिलकर के सरकार बनायी है। 2014 से इस देश में एक न्याय सरकार चल रही है जो जनता जनार्दन के आशीर्वाद से चल रही है। बहुत से ऐसे काम है जो इस सरकार ने किए हैं और करने के बाद आज पुनः जनता के बीच आयी है। एक सपना लेकर आयी है कि भारत को विकसित भारत देश बनायेंगे। चुनाव तो बहुत हुए नारे भी खूब लगे लेकिन शायद ही कोई पार्टी ऐसी है जो विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर के आयी है। छोटे से छोटे क्षेत्र में केंद्र की सरकार ने काम करके देश को आगे बढ़ाया है।

चुनाव में कार्यकर्ता मुख्य कड़ी होती है भाजपा के सभी कार्यकर्ता बधाई के हकदार हैं और विशेष करके उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता ने 2014 में आपने एक निर्णायक बहुमत देकर करके केंद्र की सरकार बनायी। इसका सबसे बड़ा कारण अगर कोई है तो यह सामने बैठे हमारे कार्यकर्ता है जो शक्ति केंद्र प्रभारी है बूथ प्रभारी हैं मंडल प्रभारी हैं कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छी है। हमें 400 का आंकड़ा इसलिए तय नहीं किया इसमें 370 सीटे बीजेपी को पूरे देश में कमल के निशान पर और बाकी सीटें जो हमारे एनडीए के घटक दल हैं उनके सहयोग से जितनी है। 370 ही क्यों इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 1981 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक आंदोलन किया और एक नारा दिया कि इस देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। बहुमत का आंकड़ा न होने के कारण इसको खत्म किया न जा सका लेकिन 2014 में सरकार बनने के बाद 5 अगस्त 2019 को संसद में प्रस्ताव आया, अमित शाह द्वारा लाया गया जिसे धारा 370 धराशायी हो गया। उसके बाद एक नारा चला राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन हमारे भी विपक्षी दल बोलते थे कि तारीख नहीं बताएंगे लेकिन 22 जनवरी 2024 का दिन भी आया प्रभु श्री राम जी की भव्य प्राण प्रतिष्ठा भी हुई, मोदी है तो मुमकिन है यह भी संभव हुआ। बहुत अच्छा वातावरण योगी के शासन में उत्तर प्रदेश में चल रहा है।

एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक का लक्ष्य जो उत्तर प्रदेश सरकार योगी सरकार ने लिया है प्रदेश को आर्थिक मजबूत दूरदर्शिता का मैसेज दिखलाता है। एमएलसी मुकेश शर्मा ने आये हुए सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महामंत्री राम अवतार कनौजिया, त्रिलोकचंद अधिकारी, पुष्कर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, पंकज सक्सेना, सतीश, गौरव भाटिया, दीपक शुक्ला उपस्थित रहे।

# सोनिक स्टेशन की गुड्स साइडिंग और एप्रोच रोड जल्द होंगे अपग्रेड



**लखनऊ।** मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ-कानपुर रेल खण्ड पर लखनऊ से सोनिक स्टेशन के मध्य विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर पहुंचकर वहाँ की कार्य प्रगति के बारे मे जानकारी प्राप्त की। मण्डल रेल प्रबंधक ने लखनऊ स्टेशन पर पहुंचकर वाणिज्यिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ स्टेशन का संक्षिप्त निरीक्षण किया। टिकट काउंटरों पर यात्रियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उनकी सुविधा के लिए यूटीएस ऑन मोबाअल ऐप के माध्यम से टिकट प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। लखनऊ-सोनिक रेल खंड पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान इस खंड में चल रही बुनियादी परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया, विशेष रूप से ट्रैक, ओ.एच.ई और सिग्नल प्रणाली मे अपग्रेडेसन की बात कही। सोनिक स्टेशन पहुँच कर गुड्स साइडिंग का निरीक्षण किया एवं टर्मिनल के आउटपुट को बढ़ाने के लिए एफ. सी. आई कर्मचारियों के साथ चर्चा की एवं एप्रोच रोड का निरीक्षण किया तथा गुड्स साइडिंग पर शेड, पेय जल की व्यवस्था, टर्मिनल की मरम्मत आदि के कार्यों का मूल्यांकन किया और स्टेशन पर कार्य करने वाले श्रमिको से बातचीत की। आज के इस निरीक्षण में मण्डल के विभिन्न विभागों के शाखाध्यक्ष एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा लोकतंत्र को कर रही कमजोर : लोकदल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार में महगाई, भ्रष्ट्राचार, बेरोजगारी, गुंडागर्दी की सारी हदें पार कर दी है। किसान, मजदूर, नौजवान परेशान हैं। यह विचार मंगलवार को लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ताव प्रभारी यूपी जयराम पांडेय ने केंद्रीय कार्यालय पर उपस्थित प्रदेश भर से आये पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि इस सरकार में लोकतंत्र का खुलेआम उपहास उड़ाया जा रहा है। जब लोकतंत्र कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा। भाजपा जाति धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाकर फिर सत्ता प्राप्त करना चाहती है। जिससे सावधान रहने की जरुरत है। जयराम पान्डेय ने कहा कि लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह की अगुवाई में लोकदल कांग्रेस सहित समाजवादी के इंडिया गठबंधन का घटक दल बन चुका है। जो पिछले दिनों अलीगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हापुर चौबे, विकास खण्ड मोहम्मदी जनपद लखीमपुर (खीरी)**

**पत्रांक : मेमो. पन्द्रहवाँ वित्त/राज्य वित्त** **दिनांक : 03.03.2024**

**अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2023-24 निम्न निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम** :- R.C.C. रोड से जयचन्द के मकान (घर) तक इण्टरलाक निर्माण कार्य

| क्रम स. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा | धनराशि लाख में |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट I बालू, इण्टरलाक, मौरंग, सीमेन्ट, बजरी, ईंट रोड़ी | | 228150/- |

निविदा फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत दुल्हापुर चौबे से दिनांक 04/03/24 से 08/03/24 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनाक 08/03/24 अपराहन 03 (तीन) बजे तक जमा किये जा सकते हैं। तथा 04 (चार) बजे गठित समय के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**

**बलबिन्दर कौर**
**प्रधान**
**ग्रा. पं. दुल्हापुर चौबे**
**वि.ख. मोहम्मदी खीरी**


# फसल नष्ट होने के दो दिन बाद नहीं पहुंचे जिम्मेदार

## अजय राय ने कहा, फसल बीमा के इस खेल में सिर्फ निजी कंपनियों ही फायदा उठा रही

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



- प्रेसवार्ता में राजधानी के काकोरी ब्लॉक के करझन ग्राम के किसान नष्ट हुई फसल के नमूने लेकर पहुंचे

**लखनऊ।** प्रदेश के किसान की फसलों को नष्ट हुए दो दिन से अधिक हो चुके हैं लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार उन तक नहीं पहुंचा है। इधर मुख्यमंत्री 24 घण्टे में मुआवजा देने की बात कर रहे हैं, उधर आपदा से जुड़ा कोई भी टोल फ्री नंबर काम नहीं कर रहा है। संकट में किसान है और त्वरित लाभ देने के बजाय पहले सर्वे कराने की और लंबी चौड़ी कागजी कार्यवाही करने की बात की जा रही है। यह बातें मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहीं।

प्रेस वार्ता में राजधानी के काकोरी ब्लॉक के करझन ग्राम के किसान आसाराम रावत, वीरेंद्र रावत, लक्ष्मण यादव भी सम्मिलित हुए। किसानों ने अपने साथ नष्ट हुई फसलों मटर, आलू, टमाटर, प्याज के नमूने भी लेकर आये थे। किसान आसाराम रावत ने भी प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया और कहा कि भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से लगभग 80 प्रतिशत तक फसल बर्बाद हो गई है। प्रदेश का किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है, सरकार सिर्फ जुमले उछाल रही है।

अजय राय ने कहा कि योगी और मोदी की डबल इंजन की सरकार किसान एवं मजदूर विरोधी है। सरकार अपने बजट में खुद यह दशार्ती है कि प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों में से सिर्फ 10 लाख किसानों को मुआवजा मिला था। असल में सच यह है कि फसल बीमा के इस खेल में सिर्फ निजी कंपनियों ही फायदा उठा रही हैं।

**मंत्रिमंडल विस्तर भाजपा की घबराहट :** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब चुनाव सर पर है, ऐन इसी वक्त पर मंत्रिमंडल का विस्तार सिर्फ भाजपा की घबराहट को प्रदर्शित कर रहा है। एक नेता जो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कर रहे थे, एक नेता जो अभी चुनाव हारे हैं इन सब लोगों को सिर्फ जातीय संतुलन साधने के लिए मंत्रिमंडल में जगह देना यह बताता है कि भाजपा किस कदर घबरायी हुई है। 400 सीटों का दावा करने वाली भाजपा के नेता चुनाव लड़ने से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं, कोई टिकट वापस कर रहा है तो कोई चुनाव लड़ने से ही मना कर रहा है। यहां तक की डॉ. हर्षवर्धन जैसे वरिष्ठ नेता ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया है।

**इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के नाम पर जबरदस्त भ्रष्टाचार :** अजय राय ने कहा कि भाजपा का जो भ्रष्टाचारी चेहरा है वह कल उस समय स्पष्ट हो गया जब स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की हुई सीमा 05 मार्च 2024 तक इलेक्ट्रोल बॉन्ड की सूचना देने के लिए 30 जून तक का लंबा समय मांगा। स्पष्ट है कि इस सूचना को वह लोकसभा चुनाव तक छुपाना चाहते हैं।

# अहमदाबाद के बजाय साबरमती स्टेश्न ओरिनेट व टर्मिनेट होगी ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु गाड़ियों के ओरिजिनेटिंग एवं टर्मिनेटिंग स्टेशन में परिवर्तन किया गया है। 19401 अहमदाबाद-लखनऊ एक्सप्रेस 01 अप्रैल से अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से, लखनऊ से 02 अप्रैल से चलने वाली 19402 लखनऊ-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती तक, 19409 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 28 मार्च से अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से तथा गोरखपुर से 30 मार्च से चलने वाली 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती तक चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 01 अप्रैल से चलने वाली 19401 अहमदाबाद-लखनऊ एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से 10.05 बजे चलाई जायेगी। लखनऊ से 02 अप्रैल से चलने वाली 19402 लखनऊ-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती 23.20 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। अहमदाबाद से 28 मार्च से चलने वाली 19409 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से 10.05 बजे चलाई जायेगी। गोरखपुर से 30 मार्च से चलने वाली 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती 10.00 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

# ट्रेन दुर्घटना बचाने वाले तीन रेलकर्मियों को एनईआर के जीएम ने किया पुरस्कृत

**लखनऊ।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संरक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये गये है। महाप्रबन्धक माथुर ने मंगलवार को महाप्रबन्धक सभा कक्ष में 03 कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए मैन ऑफ द मंथ घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकताओं में लखनऊ मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैक मेन्टेनर के पद पर कार्यरत अमित कुमार ने 05 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान जरवल रोड यार्ड में रेल फ्रैक्चर देखकर यात्री गाड़ी को रूकवाया, जिसे दूसरी लाइन से पास किया गया, जिससे एक संभावित दुर्घटना होने से बचाया जा सका। वाराणसी मंडल के औंड़िहार में गेट मैन के पद पर कार्यरत संदीप जायसवाल ने 18 जनवरी को कार्य के दौरान पास हो रही एक मालगाड़ी एक वैगन के एक्सल बाक्स से धुआं निकलता हुआ देखकर तत्काल गाड़ी को औंड़िहार जं. स्टेशन पर रूकवाया, जहां उक्त वैगन को काटकर अलग किया गया, जिससे एक संभावित दुर्घटना होने से बचाया जा सका।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/** **दिनांक- 05.03.2024**

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | मनरेगा अम्बेडकर पार्क जीर्णोधार कार्य | 9.61 घन मी. | 7427 नग | 19.21 घन मी. | 4620 नग | 100 बैग | 6.19 घन मी. |

**नियम शर्तः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खरवहिया नं. 1 के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**रामरानी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**निधि देवी**
**ग्रा0पं0वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1**
**विकास खण्ड धौरहरा**


# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



- स्कूटी रैली निकालकर मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**लखनऊ।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के नेतृत्व में मंगलवार को वूमेन पावर लाइन चौराहा 1090 से प्रदेश मुख्यालय भाजपा तक के लिए एक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री सांसद राज्यसभा अमरपाल मौर्य की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यात्रा को भाजपा की झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक दशक के कार्यकाल में महिलाओं की दिशा व दशा में होने वाला अविस्मरणीय परिवर्तन है। केंद्र सरकार की सभी योजनाएं महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनायी गयी, जिससे आज के समय में महिलाओं में शिक्षा सुरक्षा और समन्वय तीनों ही स्तरों में भारी परिवर्तन देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को राजनीति में दिए गए 33 प्रतिशत आरक्षण ने महिलाओं की स्थिति को समाज में और भी ज्यादा मजबूत कर दिया है इसलिए महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन के तहत स्कूटी रैली निकालकर मोदी को 2024 में पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# मृतक आश्रितों ने परिवहन मंत्री से मिलकर मांगी नौकरी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीते एक दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे मृतक आश्रितों के समूह ने मुख्यालय से मैराथन मीटिंग कर निकलते ही परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का काफिला रोक कर नौकरी की मांग करने लगे। जिसे मंत्री ने सुनते हुए तीन माह बाद विचार करने के लिए कहा। ऐसे में विभागीय मंत्री अपनी गाड़ी से उतरे और ध्यानपूर्वकर पीड़ितजनों की पूरी बातें सुनीं। फिर बोले चूंकि अभी मार्च क्लोजिंग का माह चल रहा है और ऐसे में निगम के आय-व्यय का पूरा डेटा उनके पास आ जाये तो आप सभी आगामी 31 मार्च तक का समय दीजिये। वहीं प्रदर्शन कारियों ने जब यह कहा कि कम से कम कोरोनाकाल में असमय जान गंवाने वाले उनके माता-पिता के स्थान पर ही उन्हें रोडवेज सेवा में कंडक्टर पदों पर समायोजित करने की पहल शुरू की जाये। इस पर मंत्री ने कहा कि 2001 का शासनादेश स्पष्ट है, ऐसे में इसकी समीक्षा की जायेगी। इसके बाद मंत्री के आश्वासन पर मृतक आश्रितों ने निर्धारित समय के लिये प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दम दिखायेंगे खिलाड़ी

**लखनऊ।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 8 मार्च व 9 मार्च को महाराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में शुरू होगा। जिसमें रेलवे, सुल्तानपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, वाराणसी, गोरखपुर स्पोर्ट कॉलेज, स्पोर्ट होस्टल लखनऊ देवरिया, एसएसबी लखनऊ झांसी व लखनऊ समेत विभिन्न जनपदों के नामी-गिरामी खिलाड़ियों भाग लेंगी। और अपने अपने खेल का प्रतिभा दिखाएंगी। प्रतियोगिता के सफलता को लेकर तैयारियां जोरो शोर पर है। उक्त आयोजन का एक बैठक कर निर्णय लिया गया जिसमें मुख्य रूप से महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष गोरखपुर मंडल भाजपा रितु शाही की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रतियोगिता को सफल बनाने की रणनीति बनी। कार्यक्रम व परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश दयाशंकर सिंह फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान प्रतियोगिता को लेकर उत्तर प्रदेश के बॉलीवॉल संघ के उपाध्यक्ष धर्मेश कुमार शाही महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट दो दिवसीय द्वारा आयोजित ग्राउंड का निरीक्षण किया उहोंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक विपेंद्र सिंह उर्फ मनी ने कहा कि सभी सम्मानित आयोजक मंडल के सदस्यगण अपने अपने सुझाव रखे। इस बीच सबको जिम्मेदारी बांटी गई। इस दौरान सचिव कमलेश सिंह, शिवेंद्र सिंह बलाक प्रमुख अयोध्या, इंस्ट्रक्टर रघुवेंद्र सिंह, बृजेश यादव हिमांशु सिंह, आशीष तिवारी, पुष्पेंद्र, रितेश, कोमल अवधेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोष्ठी एवं अभिनंदन समारोह सम्पन्न

**लखनऊ।** पुस्तक मेले में प्रगतिशील मानव कल्याण शिक्षण संस्थान के मुख्य संयोजक मोहन सिंह बिष्ट द्वारा आयोजित गोष्ठी एवं सम्मान अभिनंदन समारोह के कार्यक्रम में साहित्य के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में अपना योगदान देने वाली समाज में ख्याति प्राप्त वरिष्ठ समाज सेविका डा. राधा बिष्ट की काव्यसंग्रह काव्य झरना पुस्तक के लिए राजकीय पुरुस्कार डा. हरिवंश राय बच्चन सम्मान से सम्मानित किए जाने पर संस्था द्वारा भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कवियों ने काव्य पाठ किया तथा इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में प्रिंट मीडिया का योगदान विषय अपने विचार दिए। सभी उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा साहित्य जगत ही नहीं समाज के सभी क्षेत्रों तथा भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में प्रिंट मीडिया के योगदान की मुक्त कंठ से प्रसंशा और सराहना की। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी एवं साहित्य जगत का जाना पहचाना चेहरा सत्या सिंह थीं। सम्मानित अतिथियों में वरिष्ठ समाज सेवी एवं आध्यात्मिक स्कॉलर नंदन सिंह बोरा, उत्तराखंड महापरिषद के संयोजक तथा कुर्मांचल रामलीला के अध्यक्ष दीवान सिंह अधिकारी, वरिष्ठ कवि एवं साहियकार पारसनाथ श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार सहित भारी संख्या में कवि साहित्यकार गणमान्य उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कलुआपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/** **दिनांक- 05.03.2024**

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | मोहनलाल के घर से विनोद यादि के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 25.09 घन मी. | 11141 नग | 50.17 घन मी. | 19320 नग | 176 बैग | 7.66 घन मी. |
| 2 | छेदु के घर से सरीफ के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 25.16 घन मी. | 10570 नग | 50.33 घन मी. | 19600 नग | 173 बैग | 7.27 घन मी. |

**नियम शर्तः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत कलुआपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**अमीना**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कलुआपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**धीरज**
**ग्रा0पं0वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कलुआपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**


# संदेशखाली प्रकरण में एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

- छात्रों ने ममता सरकार का फूंका पुतला
- पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए एबीवीपी ने राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया ज्ञापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार गेट संख्या एक पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित लखनऊ जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। यह ज्ञापन एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी को सौंपा है। एबीवीपी ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने कहा कि संदेशखाली में बंगाल सरकार द्वारा संपोषित हिंसा व अत्याचार दुर्भाग्यपूर्ण है जो ममता बनर्जी सरकार की महिला विरोधी छवि को उजागर करती है। हिंदू महिलाओं को चिन्हित कर टीएमसी कार्यालय में महिलाओं व नवयुवतियों के साथ जबरन दुराचार के अनेकों प्रकरण सामने आए हैं। सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करते हुए टीएमसी द्वारा इस प्रकरण को समाज से दूर रखने के भी काफी प्रयत्न किये गये हैं। एबीवीपी संदेशखाली की इस कुत्सित घटना को समाज तक पहुंचाने व पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए देशव्यापी आंदोलन कर रही है तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है। विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आयी है। एबीवीपी की अवध प्रांत छात्रा कार्य संयोजक सृष्टि सिंह ने कहा कि टीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू महिलाओं का दिन प्रतिदिन जबरन अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आते हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। क्षमा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं मातृशक्ति का प्रतीक मानी जाती हैं ममता बनर्जी खुद एक महिला हैं अगर उनके दिल में नारी के प्रति करुणा नहीं है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। इस संबंध में अभाविप लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा ममता सरकार का पुतला फूंका गया।

# एमएसएमई में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए हुआ मंथन

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में मंगलवार को इनोवेशन हब और दी एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई सेक्टर में डिकार्बनाइजेशन की जगह क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए राउंडटेबल का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने एमएसएमई में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए नई तकनीकी पर चर्चा की। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में यूपी टेक्सटाइल्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर के डॉ अरूण कुमार सिंह गंगवार ने एमएसएमई में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई तकनीकी का प्रयोग कर क्लीन एनर्जी का प्रयोग किया जा सकता है। इससे न केवल उर्जा की खपत कम होगी बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। इंटीग्रल विश्वविद्यालय के सोलर विभाग के डायरेक्टर प्रो टी उस्मानी ने एमएसएमई सेक्टर में सोलर एनर्जी के प्रयोग के बारे में बताया।

# युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस करेगी योगी सरकार

## कैबिनेट फैसले : 40 लाख स्मार्टफोन-टैबलेट खरीदने के लिए 4000 करोड़ , 230 एकड़ में बनेगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मुफ्त टैबलेट वितरण के लिए चुनी गई संस्थाओं को खरीद आदेश जारी करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यूपी की योगी सरकार फिर से युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस करने की पूरी तैयारी में है। योजना के तहत 40 लाख टैबलेट व स्मार्टफोन युवाओं को दिए जाने हैं। इनमें से 25 लाख स्मार्टफोन और 15 लाख टैबलेट हैं। पांच वर्ष के लिए बनी इस योजना के तहत 40 लाख स्मार्टफोन व टैबलेट की खरीद इस साल व अगले साल भी की जाएगी। इसके लिए 4000 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। पिछले साल इस मद में 3600 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। राज्य सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत सरकार स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों को अगले पांच साल तक मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट देगी।

**आबकारी विभाग बकायेदारों को देगा ब्याज पर छूट :** कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि इसमें बकायेदारों द्वारा पूरी धनराशि का भुगतान करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। बता दें कि आबकारी विभाग का वर्ष 1956 से करीब 43 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें कई फुटकर व्यापारी शामिल हैं, जिन्होंने विभाग का बकाया भुगतान नहीं किया है। अब ओटीएस स्कीम के जरिए इस बकाये को हासिल करने की कवायद की जाएगी। कैबिनेट ने विदेशी मदिरा को बोतलों में भरने की (चौबीसवां संशोधन) नियमावली, 2020 का शुद्धि पत्र जारी करने का प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। गजट में यह एक अप्रैल के बजाय एक अक्टूबर प्रकाशित हो गया थाए जिसे सही करने की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

**230 एकड़ में निर्मित होगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी :** यमुना विकास प्राधिकरण में एक हजार एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित करने का रास्ता साफ हो गया। कैबिनेट ने विकासकर्ता चयन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोनी कपूर की कंपनी इसे विकसित करेगी। इंटरनेशनल फिल्म सिटी का पहला चरण 230 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। पिछले साल सरकार ने इस संबंध में कार्यवाही शुरू करने को कहा था। इस परियोजना में सुपर सोनिक टेक्न बिल्ड प्राइवेट



लिमिटेड (मैडॉक फिल्म्स केप, ऑफ गुड फिल्म्स एलएलपी और अन्य), मैसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी बोनी कपूर और अन्य, मैसर्स सुपर कैसेट्स इंडस्टरीज प्राइवेट लिमिटेड (टी-सीरीज) और लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड केसी बोकाडिया ने बोली लगाई थी। सबसे ऊंची बोलीप्रदाता के रूप में बोनी कपूर की बेव्यू प्रोजेक्ट्स को फाइनल किया गया था। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कंपनी को लेटर आफ अवार्ड देगा। इस फिल्म सिटी में साथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग एक साथ हो सकेगी। इसके लिए प्रदेश व देश के साथ विदेशों की प्रमुख लोकेशन से संबंधित सेट तैयार किए जाएंगे। फिल्म सिटी में अयोध्या का राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ प्रमुख लोकेशन के भी सेट होंगे। इसके अलावा लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशन के भी सेट होंगे।

**होमगार्ड स्वयंसेवकों को अब 120 रुपये आहार भत्ता :** कैबिनेट ने मंगलवार को होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता था। बढ़ती महंगाई की वजह से यह भत्ता नाकाफी था। इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे करीब 77 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों को फायदा होगा। विभाग पर करीब 2०75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा।

**प्रयागराज में 11,433 वर्ग मीटर में बनेगा अति विशिष्ट अतिथि गृह**

कैबिनेट ने प्रयागराज में अति विशिष्ट अतिथि गृह बनाने के लिए राज्य संपत्ति विभाग को निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अतिथि गृह सिविल स्टेशन की नजूल भूमि पर बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 11,433 वर्ग मीटर है। इसमें से 10 हजार वर्ग मीटर भूमि राज्य संपत्ति विभाग को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कैबिनेट में प्रस्तुत किया गया था। वहीं श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय तथा श्रम विभाग के मुख्यालय के लिए इसी भूमि का शेष 1433 वर्ग मीटर श्रम एवं सेवायोजन विभाग को आवंटित करने का अनुरोध भी किया गया था। कैबिनेट ने दोनों कार्यों के लिए नजूल भूमि निशुल्क देने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है।

**पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज के लिए निशुल्क भूमि :** कैबिनेट ने पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। केंद्रीय सहायतित योजना के अंतर्गत पीलीभीत में स्थापित मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निशुल्क भूमि आवंटन किए जाने का प्रस्ताव कैबिनेट के सामने पेश किया गया था। डीएम पीलीभीत द्वारा उपलब्ध कराए गये प्रस्ताव के मुताबिक नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए ग्राम मुड़िया पनई उर्फ सुनगढ़ी अंदर चुंगी तहसील की नगर पालिका की 4500 वर्ग मीटर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क दी जाएगी।

**नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को मंजूरी :** नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब डिपो स्टेशन से एमएमटीएच बोडाकी साइट तक एक्वालाइन मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार परियोजना की डीपीआर तैयार की जाएगी। 2.6 किलोमीटर लंबी एक्वा लाइन की अनुमानित लागत 416.34 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की कुल लागत का 20 फीसदी केंद्र सरकार, 20 फीसदी प्रदेश सरकार देगी और शेष 60 फीसदी लोन लिया जाएगा। इस लाइन के बनने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में निर्बाध कनेक्टिविटी होगी।

**2.10 लाख को मिलेगा स्वच्छ पेयजल :** कैबिनेट ने जायका सहायतित आगरा जल संपूर्ति (गंगा जल) परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए पुनरीक्षित लागत के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। हालांकि पुनरीक्षित लागत 47 लाख रुपये कम होने से परियोजना के लिए कोई अतिरिक्त धनराशि व्यय नहीं होगी। बता दें कि इस परियोजना का 95 फीसद कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य पूरा होने के बाद आगरा शहर के पांच जोन में चौबीसों घंटे पेयजल आपूर्ति से करीब 2.10 लाख जनसंख्या लाभांवित होगी। साथ ही योजना पूरी होने के बाद संचालन एवं रखरखाव के कार्यों में रोजगार सृजन की भी संभावना है। इस योजना के तहत अपर गंगा कैनाल पर स्थित पालड़ा फॉल (बुलंदशहर) से 150 क्यूसेक गंगा जलए जिसमें से 140 क्यूसेक आगरा एवं 10 क्यूसेक मथुरा को आपूर्ति की जा रही है। इस परियोजना की लागत 2656.76 करोड़ रुपये है।

**मरीजों को मिलेगा अच्छा भोजन, रेट में 38 रुपये की वृद्धि :** मंत्रिमंडल ने यूपी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक प्रति मरीज भोजन की दर 100 रुपये तय थी। महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 138 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में 10 राज्य बीमा अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों में बीमित कर्मचारियों और श्रमिकों का मुफ्त इलाज होता है।

**कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में स्थापित होंगे इन्क्यूबेशन सेंटर :** यूपी सरकार राज्य के चारों ओर कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करवाएगी। इन केन्द्रों के माध्यम से कृषि क्षेत्र की नयी तकनीकों के जरिये कृषि के व्यावसायीकरण से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया जाएगा। साथ ही कृषि क्षेत्र में निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के चारों कृषि विश्वविद्यालयों में चालू वित्तीय वर्ष में इन्क्यूबेशन सेण्टर स्थापित करने के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये यानि 20 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाये गये हैं। राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमान खेड़ा के लिए अलग से बजट दिया जाएगा। इन केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नयी तकनीकए सेवाओं और उत्पादों को विकसित करते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में कार्य करना है। साथ ही कृषि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाएंगे। कृषि व्यवसाय से सम्बंधित लघु व मध्यम उद्योगों में रोजगार के नये अवसर पैदा किये जाएंगे।

# किसानों को निजी नलकूप पर नहीं देना होगा बिजली बिल

## योजना के क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ रुपये का किया है प्रावधान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा प्रदान किया है। किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उसी घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को अपना वादा निभाते हुए छूट से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। उन्होंने बताया कि हमारे ही कार्यकाल में लगभग 200 ग्राम पंचायतों को हमने नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए हमने शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह दोनों ही प्रकार के कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है।

### दो इकाइयों को मंजूरी, मिल सकेगी सस्ती बिजली

योगी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयले की खदान एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है।

### प्रतिवर्ष 1 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य

सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले 4 साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नीति की समयावधि 5 वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपए सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

# सीएम योगी ने खराब मौसम से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों को जारी किये 23 करोड़

- **जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट के लिए जारी किया गया मुआवजा**
- **जालौन के लिए जारी हुए सर्वाधिक 5 करोड़ रुपये तो चित्रकूट को दिए एक करोड़**
- **प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी लगभग पूरा, चल रही किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया**



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से अन्नदाताओं की क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए 23 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। यह धनराशि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों के लिए जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गयी थी।

इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# हमारा एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना : राजभर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा कि उनका एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना है। राजभर ने मंगलवार को राजभवन में मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद पत्रकारों से कहा, कि हमारा एक ही लक्ष्य गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा करना है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट जीतेगा। राजभर ने कहा कि सात वर्ष में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ। बसपा से अलग होकर 2002 में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की स्थापना करने वाले राजभर वाराणसी जिले के मूल निवासी हैं। वह गाजीपुर जिले की जहूराबाद विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने अपनी पार्टी का मुख्यालय बलिया जिले के रसड़ा में बनाया है। वह जिस राजभर बिरादरी से आते हैं, उसकी पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में अच्छी संख्या है। सुभासपा का दावा है कि बहराइच से बलिया तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस समुदाय की आबादी 12 फीसद है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में राजभर की पार्टी के छह विधायक हैं।

# सुनील शर्मा का मंत्री बनना एक संदेश



**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल के विस्तार से सिर्फ दलित और ओबीसी की सियासत ही नहीं साधी गयी है। बल्कि पश्चिम में ब्राह्मण चेहरे सुनील शर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल कर ब्राह्मणों पर भी बड़ा दांव लगाया गया है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार भाजपा में साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा को मंत्री बनाया जाना कई संदेश देता है। सुनील शर्मा को मंत्री बनाकर लोकसभा चुनाव में इस इलाके में आने वाली सीटों का भी समीकरण साधा है। गाजियाबाद क्षेत्र से ब्राह्मण चेहरे को मंत्रिमंडल में शामिल कर लोकसभा में पश्चिमी यूपी के प्रत्याशियों और ब्राहम्ण वोट को साधने का प्रयास किया गया है। सुनील शर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल कर पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी एक संदेश दिया गया है।

## जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करेंगे प्रयास : अनिल कुमार



**लखनऊ।** योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्हें जो भी जिम्मेदारी गयी है, उसका पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पालन करेंगे। आमजन के हितों के लिए कार्य किया जाएगा। सरकार की योजनाओं का लाभ आम से आम आदमी तक पहुंचाने का काम करेंगे। बता दें कि प्रदेश सरकार में पुरकाजी विधायक अनिल कुमार को मंत्री बनाये जाने के बाद अब मुजफ्फरनगर जिले में तीन मंत्री हो गए हैं। केंद्र सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश सरकार में अनिल कुमार और कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल हैं।

# फास्ट इंप्लॉयमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बन रहा एफएमसीजी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स यानी एफएमसीजी उत्तर प्रदेश में फास्ट इंप्लायमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बनने की राह पर है। एफएमसीजी सेक्टर के तहत देश और दुनिया के कई बड़े लीडर्स उत्तर प्रदेश के बड़े बाजार में खुद को उतारने के लिए तैयार हैं। हाल ही में संपन्न हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के तहत इस सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जो व्यापक पैमाने पर रोजगार को सृजित कर इस सेक्टर में भविष्य बनाने के लिए यूपी के युवाओं को आकर्षित करेगा।

एफएमसीजी सेक्टर में जो बड़े इन्वेस्टमेंट्स जीबीसी 4.0 के माध्यम से धरातल पर उतरे हैं, उनमें वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का प्रोजेक्ट भी शामिल है। इसने पूर्वांचल, बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्रों (प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी, चित्रकूट) में फ्रूट पल्प, फ्रूट जूस आधारित ड्रिंक्स, बेवरेजेस पर आधारित सिरप और पैकेजिंग प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट विकसित करने के लिए 3500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे 1500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। इसी तरह, मून बेवरेजेज लिमिटेड ने हापुड़ (पश्चिमांचल) में काबोर्नेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और जूस बनाने के लिए एक इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 756 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से तैयार किए जाने वाली यह अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री 752 से अधिक नौकरियां सृजित करेगी। एफएमसीजी के अतिरिक्त एडिशनल एफएमसीजी सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। इसके तहत यूपी में लग रहे प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत भारतीय बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के ज्वॉइंट वेंचर्स ने मुजफ्फरनगर (पश्चिमांचल) में 600 करोड़ रुपए का निवेश किया है, इस निवेश से क्षेत्र में 500 से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा हो रहे हैं। वहीं, बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड ने हरदोई (मध्यांचल) में इंटीग्रेटेड फूड प्रॉसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा है, जिससे 1500 नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। इसके अतिरिक्त एसएलएमजी, ग्रुपो बिम्बो, बीकानेरवाला, हल्दीराम, हैप्पीलो, वीकेसी नट्स समेत कई अन्य कंपनियां भी एफएमसीजी सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए का निवेश कर रही हैं।

### एयर कार्गो टर्मिनल 5000 लोगों को देगा रोजगार

एविएशन इंडस्ट्री भी बड़े पैमाने पर प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जा रही है। इस सेक्टर में सबसे बड़ा निवेश एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। यह कंपनी गौतम बुद्ध नगर जिले (पश्चिमांचल) में 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश करके एक एयर कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है, जिसका लक्ष्य 5000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है। जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाला यह एयर कार्गो टर्मिनल जल्द तैयार होगा और देश और विदेश के अंदर इसके माध्यम से बड़े पैमाने पर व्यापार संभव हो सकेगा।

**नाराज** — हाईकोर्ट ने डायरेक्टर जनरल फैमिली वेलफेयर को 13 मार्च को व्यक्तिगत रूप से किया तलब

# अफसरों का जवाब न आने पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बार-बार समय प्रदान करने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से एक मुकदमें में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। कोर्ट ने डायरेक्टर जनरल फैमिली वेलफेयर को 13 मार्च को व्यक्तिगत रूप से तलब कर लिया है। कोर्ट ने उनको आदेश दिया है कि उक्त तारीख पर वह मुकदमें से संबधित समस्त रिकार्ड लेकर हाजिर रहें।

- **कोर्ट ने कहा कि डीजी जवाब ना देने के लिए जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्यवाही भी करके दें हलफनामा**

यह आदेश जस्टिस अब्दुल मोईन की पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर कावा रोड अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया। जस्टिस मोईन ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता कोर्ट का अफसर होता है और उसके आफिस से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। कोर्ट ने कहा कि इन हालातों में डीजी फैमिली वेलफेयर को तलब करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है। कोर्ट ने डीजी को तलब करते हुए कहा कि अगली सुनवायी पर वह व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करके यह भी बतायें कि जिन अफसरों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है। याची अमेठी जिले में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाता है। उसका लाइसेंस 25 सितम्बर 2023 को खारिज कर दिया गया है। उक्त आदेश के खिलाफ याची की अपील भी खारिज हो गयी है। इन आदेशों को याची ने रिट याचिका दाखिल करके हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका पर गत 22 जनवरी को सुनवायी करते हुए कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से पूंछा था कि याची को 5 सितम्बर 2023 को दी गयी नोटिस में जिन आरोपों का जिक्र था उनसे हटकर अन्य आधारों के आधार



पर याची का लाइसेंस क्यों खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि यदि उक्त आधार पहले था तो नोटिस में उसका जिक्र होना चाहिए था ताकि याची उसका भी उत्तर दे सकता। इस पर सरकारी अधिवक्ता ने संबधित अधिकारियों से जबाव प्राप्त करने के लिए एक हफ्ते के समय की मांग की जिसे कोर्ट ने प्रदान कर दिया था। इसके बाद मुकदमा सुनवायी के लिए गत 29 जनवरी को सूचीबद्ध हुआ किन्तु सरकार से कोई जवाब नहीं आया और सरकारी अधिवक्ता के मांगने पर कोर्ट ने फिर से एक हफ्ते का और समय दे दिया। मामला जब पुनः गत 20 फरवरी को सुनवायी के लिए लगा तो फिर से राज्य सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया।

- **मुख्य स्थायी अधिवक्ता कोर्ट का अफसर होता है और उसके आफिस से पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना है बेहद खेदजनक**

सरकारी अधिवक्ता ने फिर से जवाब के लिए दस दिन और समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि अगली तारीख तक जवाब नहीं आते तो कोर्ट डायरेक्टर जनरल फैमिली वेलफेयर को तलब करने के लिए मजबूर हो जायेगी। मामला मंगलवार के पुनः सुनवायी के लिए आया तो सरकारी अधिकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जवाब के लिए संबधित अधिकारियों को मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय से पत्र गत 23 फरवरी को ही भेज दिया गया था किन्तु अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। बार-बार समय प्रदान करने के बाद और मुख्य स्थायी अधिवक्ता के आफिस से राज्य सरकार के अफसरों को बार-बार पत्र भेजे जाने के बाद भी जवाब न आने पर कोर्ट ने खिन्नता जतायी और कहा कि अब डीजी फैमिली वेलफेयर को व्यक्तिगत रूप से तलब करने के अलावा कोई अन्य रास्ता नहीं बचा है। कोर्ट ने डीजी फैमिली वेलफेयर को 13 मार्च को तलब करते हुए कहा कि वह रिकार्ड के साथ स्वयं आकर कोर्ट को सुनवायी में मदद करें।

# दारा सिंह को मिला सब्र का फल हार के बाद भी मिला मंत्री पद

- **सपा, बसपा होते हुए भाजपा तक पहुंचे दारा**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा छोड़कर भाजपा में आने वाले दारा सिंह के बीता वक्त कठिनाई से गुजरा। वह भाजपा में शामिल हो गए। उन्हीं के द्वारा छोड़ी गई सीट पर उन्हें टिकट दे दिया गया। लेकिन मुश्किल तब हुई जब उपचुनाव में दारा सिंह सपा से हार गए। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तब आम हो गई कि अब दारा सिंह के लिए मंत्री पद मिलना कठिन काम होगा। ओपी राजभर के विपरीत दारा सिंह ने चुप्पी साधी। उन्होंने मंत्री पद से जुड़ा कोई बयान पब्लिक फोरम में नहीं दिया। बीच में यह चर्चाएं भी आईं कि हो सकता है कि भाजपा उन्हें विधान परिषद के रास्ते सदन में भेज दो दे लेकिन मंत्री ना बनाएं। मंगलवार को उन अटकलों पर विराम



लग गया। दारा सिंह को योगी कैबिनेट में जगह दे दी गई। दारा सिंह का प्रभाव भी कुछ यूपी की सीटों पर माना जाता है। घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी धारा सिंह को 42 हजार 759 मतों से मात दी। बीते वर्ष विधानसभा चुनाव में एक लाख आठ हजार 430 वोट पाने वाले दारा सिंह चौहान इस बार 81 हजार 668 पर सिमट कर रह गए थे। इस हार के बाद दारा सिंह के भविष्य पर सवालिया निशान लग थे। विधानसभा चुनाव हारने के बाद इसी साल जनवरी में पार्टी ने उन्हें जनवरी में विधान परिषद में भेज दिया था। लोकसभा चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को योगी मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विधानसभा चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सिंह सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया। दारा सिंह सरकार और संगठन की पूरी ताकत के बाद भी सपा के सुधाकर सिंह से चुनाव हार गए। वैसे तो भाजपा ने प्रदेश में मूल काडर में किसी भी हारे हुए प्रत्याशी को मंत्री नहीं बनाया। लेकिन प्रदेश में पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। योगी सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं।

# चुनाव आयोग की सलाह

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसलिए हमारे चुनावों पर पूरी दुनिया न सिर्फ नजर रखती है बल्कि अपने-अपने देशों में पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के संबंध में भारतीय लोकतंत्र को मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत करती है। इसलिए भारत चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वह न सिर्फ स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चुनाव कराये बल्कि चुनाव शांति पूर्ण हों और सांविधानिक, लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन भी हो। चुनाव आयोग इस दिशा में लगातार प्रयास भी कर रहा है। अनेक चुनाव सुधार, आचार संहिता, चुनाव खर्च की सीमा, नफरत भरे भाषण पर रोक लगाना, यह सब ऐसे कार्य हैं जिससे चुनावों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नैतिक मर्यादाताओं का पालन बढ़ा है। चुनावों को साफ-सुथरा कराने की दिशा में एक और पहल करते हुए चुनाव आयोग ने आचार संहिता जारी करने से पहले भारतीय निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को सख्त परामर्श जारी करते हुए कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट ना मांगे, भक्त तथा भगवान के बीच संबंधों का उपहास ना उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें, आयोग ने अपने परामर्श में राजनीतिक दलों और नेताओं को इस बात की सख्त हिदायत भी दी है कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना की जगह पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। आयोग के अनुसार चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है। आयोग के परामर्श के मुताबिक, जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है। उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए, जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में शिष्टाचार बनाए रखने और स्टार प्रचारकों एवं उम्मीदवारों खासकर उन लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी की चेतावनी दी है, जिन्हें अतीत में नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने पार्टियों का चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दों आधारित बहस तक ले जाने का आह्वान किया और कहा कि राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को तथ्यात्मक आधार के बिना बयान नहीं देना चाहिए, मतदाताओं को गुमराह नहीं करना चाहिए। परामर्श में सोशल मीडिया गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने वाले या उनका अपमान करनी वाली पोस्ट तथा गरिमा पर चोट करने वाली पोस्ट या ऐसी सामग्री साझा नहीं की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों पर राजनीतिक दल कितना अमल करते हैं यह तो आने वाले चुनावों में ही पता चलेगा। बहरहाल हाल के वर्षों में चुनाव आयोग ने नेताओं की बिगडैल बोल पर लगाम लगाने का प्रयास किया है। कई नेताओं को प्रचार से रोका जा चुका है और चुनाव लड़ने से रोकने तक की कार्रवाई हुई है। इसलिए चुनाव आयोग ने जो परामर्श जारी किया है उसका पालन सभी दलों और उनके नेताओं को करना होगा अन्यथा चुनाव आयोग की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।




**चुनाव आयोग ने जाति, धर्म व भाषा के आधार पर वोट न मांगने की हिदायत देकर सभी दलों के सामने मर्यादा पालन की लक्ष्मण रेखा खींच दी है।**

### विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।
—महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो— यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
—सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।
—स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
—संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।
—आचार्य विनोबा भावे.

# क्या भारत की न्यूक्लियर ताकत सूंघ रहा पाक



संजय श्रीवास्तव

**5 अगस्त 2019 को जब नई दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था तब से भारत व पाकिस्तान की राजधानियों में एक दूसरे के हाई कमिश्नर नहीं रहे हैं। अब संबंध बेहतर करने की दिशा में पाक ने पहला कदम यह उठाया है कि हाल ही में उसने साद अहमद वाराइच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स बनाकर भेजा है।**

पाकिस्तान सेना के समर्थन से इस्लामाबाद में बन रही पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) की नई नागरिक सरकार के साथ ही नई दिल्ली के साथ 'लो-की एंड लो-रिस्क' (कम-महत्व और कम-जोखिम) के संबंध स्थापित करने के प्रयास भी आरंभ हो गये हैं। इस बीच दो अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम भी हुए हैं। इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर भारत के कस्टम अधिकारियों ने 22 जनवरी 2024 को दो एडवांस्ड कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) अपने कब्जे में किये थे। जीकेडी, इटली द्वारा निर्मित यह सीएनसी चीन के शेकोऊ पोर्ट से कराची पोर्ट की ओर ले जाये जा रहे थे कि भारतीय अधिकारियों ने इन्हें न्हावा शेवा पोर्ट (जेएनपीटी), मुंबई में पकड़ा। दोहरे-उपयोग के सीएनसी पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम में इस्तेमाल किये जा सकते हैं, ऐसा डीआरडीओ ने जांच के बाद कहा है। पाकिस्तान ने इन्हें कमर्शियल व प्राइवेट प्रयोग हेतु लेथ मशीन बताते हुए भारतीय कार्यवाही को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन बताया है। फिलहाल दोनों सीएनसी भारत के कब्जे में हैं और जांच जारी है।

दूसरा यह कि 8 फरवरी 2024 के विवादित आम चुनाव के बाद पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ, 72, को दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमन्त्री चुना गया है। 336-सदस्यों के सदन में शरीफ को 201 मत मिले जबकि सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (जिसे इमरान खान की पीटीआई का समर्थन प्राप्त है) के प्रत्याशी उमर अय्यूब खान को 92 वोट मिले। चुने जाने के बाद राष्ट्रीय असेंबली को संबोधित करते हुए ने कश्मीर का मुद्दा उठाया और सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने की बात कही। हालांकि पाकिस्तान ने भारत के साथ संबंध सुधारने के प्रयास आरंभ कर दिए हैं, लेकिन अनुमान यह है कि नई दिल्ली इस संबंध में कोई भी ठोस कदम मध्य-मई से पहले नहीं उठायेगी। उस समय तक भारत में लोकसभा के चुनाव हो चुके होंगे। इस तरह नई दिल्ली को सेना समर्थित शरीफ-जरदारी सरकार का मूल्यांकन करने के लिए समय मिल जायेगा। पाकिस्तान की नई सरकार पर वैधता के भी प्रश्न हैं, जिसकी वजह से अमेरिका के सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से आग्रह किया है कि अदालत का फैसला आने तक उसे मान्यता प्रदान न की जाये। भारत भी इस घटनाक्रम पर नजर रख रहा है और यह भी देख रहा है कि पाकिस्तान आतंक पर विराम लगाने के लिए कितना समर्पित है। इस सबका जायजा लेने के बाद ही नई दिल्ली की तरफ से प्रतिक्रिया संभव है।




## भारत-पाक संबंध

5 अगस्त 2019 को जब नई दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था तब से भारत व पाकिस्तान की राजधानियों में एक दूसरे के हाई कमिश्नर नहीं रहे हैं। अब संबंध बेहतर करने की दिशा में पाकिस्तान ने पहला कदम यह उठाया है कि हाल ही में उसने साद अहमद वाराइच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) बनाकर भेजा है, तीन वर्ष के लिए। पिछले छह माह से एजाज खान अस्थायी सीडीए थे। उनसे पहले सलमान शरीफ सीडीए थे, जो पिछले साल जुलाई में भारत से वापस चले गये थे। 26 फरवरी 2024 को सीडीए की जिम्मेदारी संभालने वाले वाराइच न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के परमानेंट मिशन में इस्लामाबाद के डिप्लोमेट रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय में वह अफगानिस्तान, ईरान व तुर्की डेस्क के डीजी भी रहे हैं। संबंध सुधारने की दृष्टि से जो पाकिस्तान दूसरा कदम उठा रहा है उसका प्रतीकात्मक महत्व होने के साथ ही मौलिक जन संदेश भी है। 2019 के बाद से पहली बार पाकिस्तान अपना राष्ट्रीय दिवस नई दिल्ली में मनायेगा, जोकि वह कोविड-19 व राजनयिक संबंधों में खिंचाव के कारण नहीं मना रहा था। पाकिस्तान का राष्ट्रीय दिवस 23 मार्च को है और पाकिस्तान हाई कमीशन आम तौर से इसका जश्न अपने दूतावास काम्प्लेक्स में मनाता है। मेहमानों की सूची में भारतीय स्ट्रेटेजिक समुदाय और नई दिल्ली में विदेशी डिप्लोमेटिक कोर के सदस्य होते हैं। अखबारी रिपोर्ट्स से मालूम होता है कि इस बार पाकिस्तान अपना राष्ट्रीय दिवस का जश्न नई दिल्ली में 23 मार्च की जगह 28 मार्च को मनायेगा। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान हाई कमीशन को दिल्ली पुलिस की राजनयिक सुरक्षा और विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग के साथ काम करना होगा।

पिछली बार जब पाकिस्तान ने अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया था तो वह पुलवामा हमले व बालाकोट एरियल स्ट्राइक की पृष्ठभूमि में था और तब तत्कालीन हाई कमिश्नर सुहैल महमूद की मेजबानी थी। गौरतलब है कि 2019 से पहले जो भारतीय मेहमान पाकिस्तान हाई कमीशन में उसके राष्ट्रीय दिवस जश्न में शामिल हुए थे, उनमें से अधिकतर से स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की थी। यही हाल पाकिस्तानी मेहमानों का भी हुआ था जब इंडियन हाई कमीशन ने उन्हें इस्लामाबाद के होटल में इफ्तार के लिए आमंत्रित किया था। पाकिस्तान द्वारा सीडीए भेजना और नई दिल्ली में अपना राष्ट्रीय दिवस मनाना, दो ऐसे कदम हैं जिन्हें इस्लामाबाद द्वारा नई दिल्ली के साथ राजनयिक संबंध सुधारने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जोकि पिछले पांच वर्षों से तनावपूर्ण बल्कि न के बराबर रह गये हैं। जहां तक नई दिल्ली का दृष्टिकोण है तो भारत चुनावी मोड में है और उसे कम से कम इस साल मई तक कोई जल्दबाजी नहीं है और तब तक चुनावी नतीजे भी स्पष्ट हो जायेंगे। पिछले पांच वर्षों से नई दिल्ली की लाइन 'आतंक और वार्ता साथ नहीं चल सकते' रही है, जिसका अर्थ यह है कि उसने पाकिस्तान की उपेक्षा की नीति अपनायी हुई है। इस मुद्दे को मई तक स्थगित करने से नई दिल्ली को पाकिस्तान की विवादित चुनावी प्रक्रिया के परिणाम के मूल्यांकन करने की राजनयिक जगह व समय भी मिल जाता है।

पाकिस्तान में 8 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय असेंबली के लिए चुनाव हुए थे। इसमें धांधली के गंभीर आरोप लगे। यहां तक कहा गया कि जो प्रत्याशी 70-70 हजार वोट से हार रहे थे उन्हें विजयी घोषित कर दिया गया। जमाअते-इस्लामी के 'विजयी घोषित' प्रत्याशी हाफिज नईम-उर-रहमान ने तो अपनी सीट केवल इसलिए छोड़ दी क्योंकि उनका विवेक बेईमानी से हासिल की गई जीत को स्वीकार नहीं कर रहा था और वह जनता की राय का सम्मान करना चाहते थे। अब पीएमएल-एन (75 सीट) व पीपीपी (54 सीट) ने सेना की मदद से मिलकर गठबंधन सरकार बनायी है, जबकि सलाखों में बंद पूर्व प्रधानमन्त्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई का समर्थन प्राप्त 93 प्रत्याशी विजयी हुए थे। चूंकि इमरान के प्रत्याशी 'आजाद' विजयी माने गये, इसलिए इनके हिस्से में महिलाओं व अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 70 सीटों में से एक भी नहीं आयी, जिन्हें शरीफ व जरदारी ने आपस में बांटकर सदन में अपना बहुमत 'सिद्ध' कर दिया। शरीफ का प्रधानमन्त्री बनना इमरान खान के अनुसार जनता से विश्वासघात है। इस पृष्ठभूमि में नई दिल्ली की सोच एकदम दुरुस्त है कि मई तक पाकिस्तान की नई सरकार की स्थिरता का सही अंदाजा उसकी 'लो-की एंड लो-रिस्क' पहल पर प्रतिक्रिया करना उचित होगा।

### सोशल मीडिया

किसने सोचा था कि भाजपा के ऐसे दिन भी आयेंगे कि कुछ प्रत्याशी टिकट मिलने से पहले कुछ और काम ज्यादा जरूरी बताने का बहाना कर दावेदारी ही छोड़ देंगे। अखिलेश यादव.



आज लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जालोर व सिरोही के कांग्रेस नेताओं से भेंट की, इस दौरान महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर व सामयिक सियासी परिदृश्य पर चर्चा की। अशोक गहलोत.



जिन मार्शलों को बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वो आज भारतीय जनता पार्टी की गंदी रजनीति के चलते रोड पर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। ए. केजरीवाल.



# सफल हीरो, असफल प्रेमी संजीव कुमार के किस्से...



बॉलीवुड

हरिहर जेठालाल जरीवाला जो रुपहले पर्दे पर संजीव कुमार के नाम से विख्यात हुए, उन एक्टर्स में से थे जो स्टार होने के बावजूद धारा के विपरीत तैरना पसंद करते थे। इसलिए उन्हें अपनी जवानी में भी बुजुर्ग व्यक्तियों के किरदार निभाने पर भी कोई आपत्ति नहीं थी। वह फिल्म 'मौसम' में शर्मिला टैगोर के डॉक्टर पिता और फिल्म 'शोले' में जया भादुड़ी के ठाकुर ससुर उस समय बने जब वह 35 वर्ष के भी नहीं थे। इन किरदारों को उन्होंने पर्दे पर विश्वसनीय बना दिया था, जिससे उनकी अभिनय क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसका परिचय उन्होंने फिल्म 'संघर्ष' में दिलीप कुमार के सामने अपनी प्रभावी अदाकारी से पहले ही दे दिया था। बहरहाल, सवाल यह है कि वह जवानी में ही बुढ़ापे के रोल करना क्यों स्वीकार कर लेते थे, जबकि उनके पास हीरो बने रहने के भी पर्याप्त अवसर थे? यह सही है कि एक अच्छा एक्टर हर किरदार को चुनौती के तौरपर स्वीकार करता है और अपने आत्मविश्वास के चलते उसे अपनी छवि खराब होने का डर भी नहीं होता है, लेकिन तबस्सुम के उक्त प्रश्न का संजीव कुमार ने जो उत्तर दिया था वह आश्चर्यजनक था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत की भी एकदम सही भविष्यवाणी कर दी थी।

संजीव कुमार ने कहा था, मैं कभी बूढ़ा नहीं होने का क्योंकि अपने परिवार के अन्य पुरुषों की तरह मैं भी 50 वर्ष से अधिक जिंदा रहने वाला नहीं हूं। इसलिए मैं पर्दे पर ही बुढ़ापे को अनुभव करना चाहता हूं। संजीव कुमार की भविष्यवाणी सही साबित हुई। 6 नवम्बर 1985 को मुंबई में उनका दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उस समय वह मात्र 47 वर्ष के थे। गौरतलब है कि उनके दादा शिवलाल जरीवाला, उनके पिता जेठालाल जरीवाला, उनके बड़े भाई किशोर जरीवाला, उनके छोटे भाई निकुल जरीवाला ... सभी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी और वह भी अपने जीवन का 50वां बसंत देखने से पहले। इसे बहुत लोग संयोग या रहस्यमय श्राप कहेंगे, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से यह विरासत में मिलने वाला जेनेटिक रोग है, जिसकी जानकारी संजीव कुमार को थी। संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत में हुआ था। एक सर्वे में उन्हें भारतीय सिनेमा का सातवां महानतम एक्टर वोट किया गया था। 'दस्तक' व 'कोशिश' के लिए उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह अपने आपमें दिलचस्प है कि ग्लैमर की दुनिया में सफल व रईस अदाकार होने के बावजूद संजीव कुमार अविवाहित ही रहे। हालांकि उन्होंने स्वयं भी विवाह प्रस्ताव दिए और उन्हें भी शादी करने के प्रस्ताव मिले। संजीव कुमार एक मुस्लिम लड़की को अपना दिल हार बैठे और उससे शादी करना चाहते थे। लेकिन उनकी मां एक मुस्लिम को अपनी बहू बनाने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं थीं। संजीव कुमार के अनुसार, अगर वह अपने परिवार में सबसे छोटे होते तो अपने प्रेम के लिए बगावत कर बैठते, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझते हुए वह अपनी मां की जिद के आगे झुक गये। वह मुस्लिम लड़की कौन थी? अपने शुरूआती करियर में संजीव कुमार ने अनेक मुस्लिम लड़कियों के साथ फिल्में की थीं। उनके भतीजे उदय जरीवाला व रीटा राममूर्ति गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'संजीव कुमारः द एक्टर वी आल लव्ड' में उस लड़की का नाम सायरा बानो लिखा है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि संजीव कुमार को गलतफहमी हो गई थी और उनकी वह केवल एकतरफा दीवानगी थी। कुछ लेखकों का अंदाजा है कि वह लड़की शबाना आजमी थीं। इस संदर्भ में भी अनेक दलीलें हैं, जिनकी अब पुष्टि करना कठिन है, अगर शबाना आजमी ही कुछ कहें तो अलग बात है, लेकिन वह एक दूसरे के अभिनय से प्रभावित होना व आपसी दोस्ती होने से अधिक कुछ कहती नहीं हैं। संजीव कुमार और नूतन ने भी एक दूसरे को प्रेम पत्र लिखे। नूतन उनके लिए अपनी शादी तक तोड़ने के लिए तैयार थीं। यह बात भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि संजीव कुमार में किसी का घर तोड़कर एक तलाकशुदा के साथ अपना घर बसाने का साहस नहीं था। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार का दिल हेमा मालिनी पर आ गया। उन्होंने हेमा मालिनी के सामने सशर्त विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे हेमा मालिनी ने इसलिए स्वीकार नहीं किया। सुलक्षणा पंडित तो संजीव कुमार के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि उन्होंने स्वयं उनसे शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसे संजीव कुमार ने शालीनता के साथ ठुकरा दिया। वह अभी तक सिंगल हैं और संजीव कुमार को भी अपनी जिंदगी में कोई हमसफर नहीं मिला।
-कैलाश सिंह.

# संस्कारों का महत्व

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

# रिश्वत के नियम का पालन

व्यंग्यलोक

पुलिस के घर चोरी हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के संपन्न होने पर संभ्रांत चोर परिवार में हंगामा मच गया। तब चोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई और पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को दंडित करने का निर्णय लिया। उनका आरोप था कि माना कि चारों और अनीति, अन्याय, अत्याचार है। लेकिन अपने चोर भाई को पुलिस के घरों में चोरी करते हुए शर्म क्यों नहीं आई? पुलिस मात्र ही तो अपने भाई हैं। पुलिस ही तो अपने सगे हैं। बाकी सब तो चोरों के पीछे लगे हैं। अगर भाइयों के घर ही चोरी करने जाएंगे तो फिर चोर समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे? चोर की बहुत खूब लानत-मनालत की गई। पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को चोर एसोसिएशन में पुलिस भाई के सामने माफी मांग कर चुराई गई सामग्री वापस लौटाने के लिए आदेशित किया। सब चोरों ने मिलकर पुलिस की आरती गाई। पुलिस भाइयों के लिए स्वागत की थाली सजाई। इधर चोर के द्वारा चोरी करने पर पुलिस थानेदार के घर पर खुशियां मनाई गई। थानेदार की पत्नी ने ढिंढ़ोरा पीटा कि उनके घर कोई तो चोर आया। थानेदारनी मोहल्ले में खड़ी होकर व्याख्यान देने लगी। कहने लगी- धन्यभाग है हमारे! जो चोर देवता हमारे घर पधारे! चोरों ने जान लिया कि हम भी कंगले नहीं हैं। हमारे घर भी मालमत्ता है। रोकड़ा है। यह जानकर चोरों ने हम पर धावा बोला है। चोरों ने समाज में हमारी मान मर्यादा बढ़ाई है। मैं तो ऐसे विद्वान और समझदार चोर को सलाम करना चाहती हूं। एक बार उस महान चोर के दर्शन करना चाहती हूं। इसलिए चोर को देखने की गरज से थानेदारनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का मन बनाया। वह जल्दी ही पुलिस थाने में गई और अपने घर में हुई चोरी की रपट लिखाने लगी। उसने देखा कि सामने ही उसका पति थानेदार बैठा हुआ है। पास में ही एक नेता लेटा है। नेता के पास बजरी रोड़ा से लेकर तोड़ा-फोड़ा तक का व्यवसाय है। इसमें पुलिस देवता भी स्टेकहोल्डर हैं। पतिदेव थानेदार ने कहा कि चोर को तो पकड़ लेंगे लेकिन इसके लिए नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की फीस देनी होगी। बात सुनते ही थानेदारनी ने पुलिस थाने के नियमों की पालना करते हुए दो-दो हजार के पांच करारे नोट थानेदार की ओर बढ़ाए। कहा- लीजिए साब! चोर को धर लीजिए। रिश्वत रूल्स का पालन जरूर कीजिए। तत्काल थानेदार ने करारे कुरकुरे नोटों पर झपट्टा मारा। थानेदार ने कहा- अरे! ये नोट तो कल मैंने ही किसी चोर से झटके थे। ये तेरे पास कहां से आए? तो पत्नी ने पति के पेंट से अपनी जेब तराशी धर्म का नियम याद दिलाया। फिर यही हुआ। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए नियमानुसार रिश्वत रूल्स को फॉलो किया।



राम विलास जॉंगिड़

## आपकी बात

### महंगाई पर हो बहस

बीते कई सालों से महंगाई आम जनता के लिए मुसीबत बनी हुई है। ऐसे में यह जरूरी है कि चुनावों के समय इस पर सार्थक बहस हो और पार्टियां महंगाई रोकने का एक रोडमैप सामने रखें। डीजल, पेट्रोल, शिक्षा, रसोई गैस ने आम आदमी के बजट को पहले से ही बिगाड़ कर रख दिया है। जैसे-तैसे अपना बजट जोड़कर और अवश्यक जरूरतों में कटौती कर लोग काम चला रहे हैं। दूध के दाम तो आसमान पर पहुंच गये हैं। दूध और दुग्ध उत्पाद ऐसा है कि इसका उपयोग सबको करना ही पड़ता है। सुबह बच्चों को दूध पीने के लिए सुबह-सुबह चाहिए, तो दिन में कई बार चाय, कॉफी, दही, छाछ आदि की जरूरत पड़ती है। कुल मिलाकर दूध एवं दुग्ध उत्पादों का हर आम और खास लोग उपयोग करते हैं। इसलिए इसकी महंगाई का प्रभाव बहुत व्यापक होगा। दूध के दाम बढ़ने से हर घर का महीने में डेढ़-दो सौ रुपये का बजट बढ़ गया है। लेकिन फिर भी आम आदमी को दूध लेना ही पड़ेगा क्योंकि दूध, दही, चाय, कॉफी आदि हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हैं और इससे अलग नहीं हुआ जा सकता है। इस बात को कंपनियां अच्छी तरह समझती हैं। डेयरी कंपनियां यह बात जानती हैं कि लोगों को चाहे कम कीमत चुकानी पड़े या फिर अधिक, इसका कोई विकल्प नहीं है। दूध खरीदना ही पड़ेगा और इसी स्थिति का फायदा कंपनियां उठा रही हैं। यह एक तरह से एकाधिकारी व्यापार की प्रैक्टिस है क्योंकि कुछ बड़ी कंपनियों का ही दूध की आपूर्ति में एकाधिकार है और वे अपने हिसाब से पशुपालकों को भुगतान करती हैं और अपने हिसाब से मूल्य तय करती हैं। कभी सरकार के द्वारा दूध की न्यूनतम लागत या एमएसपी तय नहीं की जाती है। इससे डेयरी कंपनियां दुग्ध उत्पादकों को एक तरफ कम पैसे देती हैं और दूसरी तरफ ग्राहक से अधिक वसूली करती हैं। जिस तरह से दूध के दाम 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा दिया है उससे अब गरीबों के लिए तो दूध का इस्तेमाल कठिन हो गया है।

**सर्वेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### शहबाज का कश्मीर राग

'रस्सी जल गयी लेकिन ऐंटन नहीं गयी' यह कहावत शायद पाकिस्तान के लिए ही बनी है। तभी तो हर मोर्चे पर परेशान पाकिस्तान अपनी समस्या सुलझाने के बजाय कश्मीर राग गाता रहता है। मजे की बात यह है कि पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बहुमत पाते ही कश्मीर राग छेड़ दिया है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, लेकिन फिर भी वह अपनी जनता पर ध्यान देने के बजाय कश्मीर राग गाता है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

# मुख्तार अंसारी की 74 लाख की संपत्ति जब्त

## भूमाफिया सुधीर गोयल और उसकी पत्नी गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ बुलंदशहर।** प्रवर्तन निदेशालय ने माफिया मुख्तार अंसारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 74 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। सुप्रीम कोर्ट से भी माफिया मुख्तार को राहत नहीं मिली और सुनवाई टाल दी गई। मुख्तार अंसारी ने 24 साल पुराने एक मामले में उसे पांच साल जेल की सजा सुनाने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के आपराधिक इतिहास को ध्यान में रखते हुए उसकी याचिका पर फिलहाल सुनवाई टाल दी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने मंगलवार को यह कहकर याचिका पर सुनवाई टाल दी कि मुख्तार अंसारी एक कुख्यात अपराधी है और सुनवाई के लिए कई मामले पहले से लंबित हैं। मुख्तार अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गत वर्ष 13 अक्तूबर को यूपी सरकार से जवाब मांगा था। यूपी सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील गरिमा प्रसाद कोर्ट में पेश हुईं। गरिमा प्रसाद ने कहा कि मुख्तार अंसारी राज्य में आतंक का पर्याय रहा है और अब



वह जेल की सलाखों के पीछे बंद है।

वहीं बुलंदशहर के भूमाफिया सुधीर कुमार गोयल और उसकी पत्नी राखी गोयल को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को बुलंदशहर पुलिस ने निवेशकों के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में बीते नवंबर माह में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद ईडी ने दोनों को अपनी कस्टडी में लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को सात दिन की कस्टडी रिमांड पर ईडी के सुपुर्द किया है।

गौरतलब है कि ईडी ने बुलंदशहर पुलिस द्वारा सुधीर गोयल और उसके करीबियों पर दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज करने के बाद उनके ठिकानों पर बीती 9 जनवरी को छापा भी मारा था। इसमें सामने आया कि सुधीर कुमार गोयल और उसके करीबियों बुलंदशहर में 10 आवासीय कॉलोनियां बनाई थी। इनका लैंड यूज बदला नहीं गया था और बुलंदशहर विकास प्राधिकरण से अनुमति भी नहीं ली गयी थी। सुधीर गोयल और उसके करीबियों ने धोखाधड़ी करके 250 भूखंड बेच दिए, जिससे उन्हें करीब 100 करोड़ रुपये मिले। जांच में यह भी सामने आया कि जिन जमीनों को बेचा गया, उनकी वास्तविक कीमत ज्यादा थी, जबकि रजिस्ट्री कम कीमत पर करायी गयी। इसके जरिए करोड़ों रुपये की काली कमाई अर्जित की गयी, जिसे निजी संपत्तियों को खरीदने में निवेश किया गया। ईडी की जांच में सुधीर गोयल और उसके करीबियों की करीब 27.49 करोड़ रुपये कीमत की 58 संपत्तियों का पता चला था, जिसे ईडी ने बीती एक फरवरी को जब्त कर लिया था। ये संपत्तियां सुधीर गोयल, उनकी पत्नी राखी गोयल, करीबी सहयोगी जय प्रकाश, आलोक कुमार उर्फ जग्गा और उनकी पार्टनरशिप फर्म मेसर्स श्री सिद्धिविनायक प्रॉपर्टीज के नाम पर थी।

जांच में सामने आया कि सुधीर कुमार गोयल ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर एक ही जमीन को कई लोगों को बेच दिया। साथ ही, निवेशकों को जाली और मनगढ़ंत कागजात के आधार पर फर्जी तरीके प्लॉट बेचे। ज्यादातर कॉलोनियां कृषि योग्य भूमि पर बनाई गयी थीं। बुलंदशहर पुलिस ने इन सभी पर गैंगस्टर भी लगाया था।

## शीर्ष अदालत में टली मुख्तार अंसारी की याचिका पर सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की एक याचिका पर सुनवाई मंगलवार को टाल दी। अंसारी ने इस याचिका में 24 साल पुराने एक मामले में उसे पांच साल की सजा सुनाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी की याचिका पर सुनवाई मंगलवार को स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह एक खूंखार अपराधी है। ऐसे कई मामले हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गरिमा प्रसाद ने कहा कि अंसारी ने राज्य में आतंक का साम्राज्यै फैला रखा था, जिस पर पीठ ने कहा कि वह अब सलाखों के पीछे है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 13 अक्टूबर को उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंसारी की अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। इससे पहले, 23 सितंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अंसारी को बरी करने के एक फैसले को पलट दिया था और गैंगस्टर कानून से जुड़े एक मामले में उसे पांच साल की जेल की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने विशेष सांसद-विधायक अदालत द्वारा अंसारी को बरी करने के 2020 आदेश को पलटने के साथ ही उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत 1999 में लखनऊके हजरतगंज थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। विशेष अदालत ने 2020 में अंसारी को बरी कर दिया था। राज्य ने बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ 2021 में अपील दायर की। विशेष अदालत ने मऊसदर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे अंसारी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन उसके खिलाफ आरोपों को प्रभावी ढंग से साबित नहीं कर सका।

## संक्षेप

### कमल और दूधनाथ को कांग्रेस ने सौंपी जिम्मेदारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी निशक्तजन प्रकोष्ठ लखनऊ मनीष प्रसाद श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रयागराज के दो लोगों को पदभार सौपा गया है। जिसमें प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर कमल को (प्रदेश सलाहकार) और दूधनाथ जी को (शहर अध्यक्ष) बनाए जाने का पत्र जारी किया है। शहर के कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो द्वारा प्रयागराज के दोनों महानुभावों को बधाई दी गई। जिसमें मंडल प्रभारी विमल किशोर, विक्रम गुप्ता, शैल सिंह, राधा जायसवाल, भैरव सिंह, प्रीति रानी, शहनाज खान सहित सभी लोगों ने खुशी जाहिर किया है।

### जन सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने सुनी फरियाद

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने के लिये सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय। सम्भव सुनवाई के दौरान समस्त अपर नगर आयुक्त, समस्त जोनल अधिकारी एवं समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

### किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के खारा का पुरवा अगई गांव की दुलारा देवी पत्नी मुन्ना लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की सुबह सात बजे रानीगंज कैथौला के सरदार पटेल इण्टर कालेज के समीप से उसकी पन्द्रह वर्षीया बेटी प्रिया का गांव के ही कमल कोरी पुत्र गुरूचरण ने अपहरण कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर मंगलवार को कोतवाली मे मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक उड़ाने का मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। बाइक चोरी के मामले में पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी कल्लू सोनी के पुत्र शिवम सोनी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती छब्बीस फरवरी को वह बाइक से रानीगंज कैथौला स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में गया था। इस बीच बैंक के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बाइक चोर की तलाश की जा रही है।

### अधिवक्ताओं में दिखा उत्साह

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में सदस्यता अभियान शुरू हुआ। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की देखरेख में पन्द्रह मार्च तक सदस्यता अभियान में अधिवक्ता पंजीकरण करायेगे। सदस्यता अभियान को लेकर अधिवक्ताओं में उत्सुकता देखने को मिली। इस मौके पर चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, राममोहन सिंह, टीपी यादव, संतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पंजाबी बाबा का उर्स 8, 9 को

इटावा। हजरत माशूक अली उर्फ पंजाबी शाह बाबा का 46वां दो दिवसीय उर्स 8 व 9 मार्च जुमा व शनिचर को आयोजित किया जा रहा है। अंजुमन मुहिब्बाने माशूक अली कमेटी चैखर कुआं के सदर शाकिर अली ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकर्रिर ए खुसूसी मौलाना वाजिद अशरफी, मेहमाने खुसूसी हाजी अजीम वारसी, सदारत हाफिज मो. अहमद अकबरी, निजामत नदीम अहमद एड. करेंगे। श्री अली ने शहर के लोगों से उर्स में शिरकत करने की अपील की है।

## सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत

### दो भाइयों के झगड़े में बीच बचाव पड़ा महंगा

जिला संवाददाता (vol)

रामपुर। जिले के स्वार थाना क्षेत्र में दो भाइयों के बीच विवाद में बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि घटना सोमवार को स्वार थाना क्षेत्र की मसवासी पंचायत के रहमतगंज गांव में हुई जब दो भाई राजेश और कृष्ण कुमार उर्फ पिंटू जमीन विवाद को लेकर झगड़ रहे थे और वहां से गुजर रहे सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र (28) ने हस्तक्षेप किया।

उन्होंने बताया कि इस बीच पिंटू ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी जिससे धर्मेंद्र के सिर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उन्हें उत्तराखंड के काशीपुर के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

एसपी ने बताया कि अहमदगंज निवासी धर्मेंद्र दोनों भाइयों का करीबी था। उन्होंने कहा कि पुलिस फरार आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गैंगस्टर राजेन्द्र यादव की पत्नी को हाईकोर्ट से लगा झटका

जिला संवाददाता (vol)

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट से आजमगढ़ के गैंगस्टर राजेंद्र यादव की पत्नी मीना देवी को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा है कि जब पत्नी के पास आय का स्रोत नहीं है तो वह संपत्ति कैसे खरीद सकती है।

याची के पास ऐसा कोई ठोस तथ्य या रिकॉर्ड नहीं है कि कुर्क संपत्ति किसी अपराध के परिणामस्वरूप अर्जित नहीं की गई थी। न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने मामले में डीएम आजमगढ़ की कार्रवाई को सही मानते हुए विशेष न्यायालय गैंगस्टर के आदेश को सही माना और मीना देवी की अपील को खारिज कर दिया। याची ने आजमगढ़ के विशेष न्यायालय गैंगस्टर के आदेश को चुनौती दी थी। विशेष न्यायालय ने याची की अपील को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उसके पास आय का कोई जरिया नहीं है। लिहाजा, पति की ओर से ही उसके नाम संपत्ति लिखाई गई है। याची ने उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

मामले में डीएम आजमगढ़ ने गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी पत्नीध्याची की दो संपत्तियों को भी संलग्न कर दिया था। याची ने डीएम की इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई, लेकिन डीएम ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद याची ने विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर आजमगढ़ के समक्ष गुहार लगाई, लेकिन वहां से भी उसे झटका लगा। याची ने गैंगस्टर कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची की ओर से कहा गया कि उसने अपनी मेहनत की कमाई से दोनों संपत्ति खरीदी है। विरोधी पक्ष के अधिवक्ता नितेश कुमार श्रीवास्तव ने इसका विरोध किया। कहा, याची के पास पति के अलावा आय का कोई स्रोत नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा, याची की जो संपत्तियां कुर्क की गईं, वह याची के पति गैंगस्टर राजेंद्र यादव की ओर से अपनी पत्नी के नाम पर लिखाई गईं थीं। डीएम आजमगढ़ को तथ्यों और रिकॉर्डों को देखते हुए यह विश्वास हो गया कि संपत्ति गैंगस्टर याची के पति राजेंद्र यादव की ओर से विचारणीय किसी भी अपराध के परिणामस्वरूप अर्जित की गई थी।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने लगायी आग

जिला संवाददाता (vol)

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को अपने ऊपर तरल पदार्थ डालकर कथित रूप से आग लगा ली, जिसके चलते वह झुलस गया। पुलिस ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार जिले के थाना क्षेत्र कांट कस्बे में ताहिर (45) आज दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया और उसने अपने ऊपर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस कर्मियों ने आग को बुझाया। इस घटना में पीड़ति के पैर झुलस गए। पुलिस के मुताबिक ताहिर का जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र के नगरिया बहाव निवासी उमेश तिवारी से दो छोटी मालवाहक गाड़ियों की बिक्री के बाद लेनदेन का विवाद है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि ताहिर अली तथा उमेश तिवारी के मध्य जान-पहचान है तथा उनके व्यावसायिक संबंध हैं। उनके मुताबिक ताहिर अली का उमेश तिवारी के साथ दो छोटी लोडर गाड़ियों के स्वामित्व को लेकर विवाद न्यायालय में चल रहा है तथा दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर मुकदमा भी सदर बाजार में दर्ज कराया गया है जिनकी जांच की जा रही है। मीणा ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व वाली एक टीम कर रही है तथा जांच होने के बाद दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधिक का कार्यवाही की जाएगी। हम पूरे मामले को देख रहे हैं और इस मामले में जो भी दोषी होगा उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

ताहिर ने बताया कि उसकी दो छोटी मालवाहक गाड़ियां उमेश तिवारी ने छीन ली हैं। उसके अनुसार उमेश तिवारी ने कुछ पैसा उसे ढाई साल में दिया है और वह उसकी गाड़ियां वापस नहीं कर रहा है। उसका कहना है कि इस संबंध में वह पुलिस से शिकायत भी कर चुका है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा शाहजहांपुर में पिकअप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज न करने से आहत जिस युवक ने एसपी कार्यालय के सामने अपने शरीर में आग लगाई है, उसको तत्काल सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा दी जाए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर सखूत से सख्त कार्रवाई की जाए।

## यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर दिया धरना



मेरठ। यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने स्टेट बैंक शाखा मिठेपुर के सामने इलेक्ट्रोल ब्रांड को लेकर धरना दिया और प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव सुमित विकल ने कहा - जो बीजेपी ने गलत तरीके से पैसे का इस्तेमाल किया है सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई और 6 मार्च तक चुनावी बॉंड दाताओ के नाम का खुलासा करने का आदेश दिया है लेकिन एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा 30 जून 2024 तक बढाने की अपील की है इससे पता चलता है कि एसबीआई और बीजेपी उन भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं, जिन्होंने बीजेपी को रिश्वत के रूप मे पैसा दिया था। प्रदर्शन मे आर्यन चौधरी, विक्रान्त विकल, आमिल रिजवी, तनिष्क चौधरी, वासु चौधरी, कल्लू रिजवी, रितिक गुर्जर, नकिब रिजवी वंश विकल आदि रहे।

## राष्ट्रीय एकता महोत्सव में भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह मचायेगी धमाल

प्रतापगढ़। घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों का जलवा दिखेगा। महोत्सव का शुभारंभ सात मार्च को सायंकाल छः बजे क्षेत्रीय कलाकारों के प्रस्तुतियों के साथ होगा। इसके बाद आठ व नौ मार्च को रात भर नामचीन कलाकार मंच संभालेंगे। आठ मार्च को सुबह आठ बजे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि प्रातःकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी, संदीप के संयोजन में सांस्कृतिक मंच पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। महोत्सव के सायंकालीन कार्यक्रमों का उदघाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल करेंगे। इसके पश्चात मंच पर मुम्बई की भोजपुरी फिल्मों की सिनेस्टार अक्षरा सिंह धमाल मचायेगी। अक्षरा सिंह के कार्यक्रम के बाद मुम्बई के पार्श्वगायक कलाकार रवि त्रिपाठी मंच संभालेगे। इसी क्रम में हास्य कलाकार अशोक मिश्र का कार्यक्रम भी लोगों को देखने को मिलेगा। इसके साथ ही अवधी लोकगायन व शिव महिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के तीसरे दिन नौ मार्च की शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के तत्वाधान में मीनू तिवारी व साथी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता का कार्यक्रम दिल्ली से आये कलाकार प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा फूलों की होली व मथुरा का मयूर नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र होंगे। इसके पश्चात कई अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। राष्ट्रीय एकता महोत्सव आयोजन समिति की देखरेख में राष्ट्रीय एकता महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

## प्रमोद तिवारी डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता में हुए शामिल

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल का किया प्रतिनिधित्व



प्रतापगढ़। देश के वैदेशिक रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने में प्रतापगढ़ के सियासी रसूख को लेकर मंगलवार को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। भारत पहुँचे डेनमार्क के वैदेशिक संसदीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ जिले के सियासी दिग्गज एवं राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधित्व में भारतीय प्रतिनिधि मण्डल की मुलाकात से विदेशनीति के क्षेत्र में प्रतापगढ़ की अहम भूमिका सामने आयी है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ नई दिल्ली में उप नेता प्रमोद तिवारी की डेनिस प्रतिनिधि मंण्डल दल के नेता एवं स्पीकर सोरेन गेड जेन्सेन के साथ गर्मजोशी से हुई मुलाकात की जानकारी पाकर समर्थक मगन दिखे।

उप राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को डेनमार्क प्रतिनिधि मण्डल का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गर्मजोशी के साथ आगवानी की। डेनिस भारत रिश्ते की प्रगाढ़ता के बीच राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने भारत डेनमार्क जैसे संसदीय प्रणाली के विकासशील राष्ट्रों के बीच राजनैतिक, लोकतंत्रात्मक, शैक्षिक, सांस्कृतिक व सामाजिक परिवेश को सुदढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। भारत में संसदीय चुनावों की आहट के बीच डेनमार्क प्रतिनिधि मण्डल के नेता जेन्सेन ने भारतीय संसद के उच्चसदन में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के वैश्विक विकास को लेकर आगे बढ़ाये जाने वाले मुद्दो को ध्यान से सुना। विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के अर्न्तराष्ट्रीय क्षेत्र में वैदेशिक परिवेश में भारत की सकारात्मक वैचारिक एजेण्डे की भी डेनिस प्रतिनिधिमंण्डल ने खुला समर्थन जताया। प्रमोद तिवारी ने विकासशील देशों की तीसरे विश्व की संभावना का भी मजबूत कूटनीतिक अभिमत रखकर भारतीय विदेश नीति का द्विपक्षीय वार्ता के जरिये डेनमार्क का साथ मिलने की भी देश को बड़ी कामयाबी दिलाने में अहम भूमिका प्रशंसनीय आंकी गयी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी के द्विपक्षीय वार्ता में प्रभावी राष्ट्रीय अभिमत की जमकर सराहना की है। डेनमार्क के प्रतिनिधि मंण्डल के साथ विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की उपराष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात की जानकारी यहाँ मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## अल्लापुर में गृहकर वसूली के दौरान ट्रस्ट पर कार्रवाई

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा ऐसे गृहकर बकायेदारों जिन्होंने वर्षों से अपने भवन का गृहकर जमा नही किया है ऐसे बकायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार नोटिस प्राप्त कराने के पश्चात भी अपने भवन का ससमय गृहकर नही जमा कर हैं। ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध सख्ती अपनाते हुए तथा गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा गृहकर न जमा करने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए जोनल कार्यालय अल्लापुर में 16 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 68,75 एलनगंज, भवन स्वामी वृदारन गडेरियन ट्रस्ट भवन पर गृहकर बकाया धनराशि रू0-01.72 लाख गृहकर बकाये का भुगतान न करने पर दोनों भवनों पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-14.69 लाख कैश, चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी। कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक कटरा झम्मन सिंह, राजस्व निरीक्षक तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

## अतीक के नाम पर मांगी महिला से पांच लाख की रंगदारी

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद भी उसके गुर्गो की कमी नहीं है। अतीक के नाम पर लोगों को डरा धमकाकर फिरौती, जमीन हड़पने सहित कई आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। जिसपर अंकुश नहीं लगा रहा है। ऐसा ही एक नया मामला सामने आया है। मामला जनपद के पुरामुफ्ती थाने का है। यहां के बिहका की रहने वाली महिला गुडिया का आरोप है कि अतीक के नाम पर उसकी पुश्तैनी जमीन को राम सिंह पटेल, मकसूद अली, सोनू, गुड्डू मिलकर हड़पना चाहते हैं। यह लोग मरहूम अतीक का नाम लेकर उसे डरा रहे हैं। महिला अपनी जमीन पर बाउंड्री करा रही थी। इसी दौरान 14 फरवरी को उक्त लोग वहां पहुँचे और उसको फर्जी कागजात दिखाकर कहा कि उनके पति ने मरने से पूर्व यह भूमि उनके नाम कर दिया था। जिसके बाद महिला को डराया और धमकाया गया। और साथ ही यह भी कहा कि अगर जमीन उनके नाम नहीं लिखी तो पॉच लाख रुपए रंगदारी दे, वरना हत्या कर दी जाएगी। अब पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## चार दिवसीय तब्लीगी मजलिस कल से

प्रयागराज। स्व मौलाना हुज्जतुल इस्लाम सैय्यद अमजद हुसैन किबला की याद में अन्जुमन हाशिमया अमजदया की ओर से दरियाबाद कोठी आगा अली खां (महमूद मंजिल) के विशाल मैदान में होने वाली चार दिवसीय तब्लीगी मजलिस का 67वां दौर ब्रहस्पतिवार 7 मार्च से रविवार 10 मार्च तक आयोजित होगा। नासिर अब्बास शैहवेज के अनुसार प्रतिदिन पहली मजलिस प्रातः 9 बजे दूसरी मजलिस सांय तीन बजे और तीसरी मजलिस रात्रि सात बजे शुरू होगी। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने प्रेस को जारी बयान में बताया की प्रतिदिन की मजलिस को देश प्रदेश व प्रयागराज के ख्याति प्राप्त ओलमा वह जाकेरीन खेताब करेंगे। रविवार को तब्लीगी मजलिस के अंतिम दिन सांय 3 बजे होने वाली मजलिस के बाद शबीहे ताबूत इमाम हसन निकाला जाएगा। जिसमें अन्जुमन हाशिमया दरियाबाद नौहा और मातम का नजराना पेश करेगी। चार दिवसीय तब्लीगी मजलिस में करबला के रौजों की शबीह के तोगरे, अलम के पंजे, आयतलकुर्सी, जरी और तरहां तरहां के दीनी मसले मसाएल की किताबों के स्टाल भी लगेंगे। जो लखनऊ से खास तौर पर यहां अपने स्टाल लगाकर लोगों को फराहम कराएंगे।

## नारी शक्ति वंदन पदयात्रा निकाली गयी

प्रयागराज। भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा शहर दक्षिणी विधानसभा में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन घंटाघर स्थित छुन्नन गुरु जी की प्रतिमा से जानसेनगंज चैराहे तक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और राजनैतिक अधिकार दिया गया। हर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त किया गया। कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान में देश की नई संसद का शुभारंभ नारी शक्ति वंदन अधिनियम से किया। सरकार की हर योजनाओं में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ध्यान रखा गया। और आगे कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में विजय मोदी का लक्ष्य साध कर विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए महिलाओं ने अपना कदम बढ़ा दिया जो हर बूथो पर कमल खिलाकर मोदी सरकार की हैट्रिक लगाएगा। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कृतिका अग्रवाल, प्रदेश मंत्री वंदना सिंह, पार्षद किरन जायसवाल पार्षद सुनीता चोपड़ा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी ने कहा कि मोदी ने नारी सशक्तिकरण के लिए बहुत कार्य किया है। हम महिलाएं हैं आगे बढ़कर के इस बार संकल्प लेते हैं कि हम महिलाएं 2024 में रिकार्ड मतों से प्रधानमंत्री को जिताकर सदन में पहुंचाएंगे। और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सबसे बड़ी भूमिका निभाएंगे। मीडिया प्रभारी चंद्रा अहलूवालिया ने बताया कि पदयात्रा में एनजीओ की सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही महिलाएं, महिला डॉक्टर, अधिवक्ता, एवं समाज की प्रबुद्ध जीवी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका चैक महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष का शिखा खन्ना रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष प्रिया कैथवास, स्मृति श्रीवास्तव, आभा सिंह, नम्रता चैरसिया, पूनम, बबीता जायसवाल, काजल कैथवास एवं सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।

## अनुराग कि आवश्यकता यह दिखाती है की आप दूसरों से कितने करीब हैं: डॉ. सिन्हा

प्रयागराज। इश्वर शरण डिग्री कालेज के लैंग्वेज सेंटर के द्वारा कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के डा० चन्द्रान्शु सिन्हा थे। कार्यशाला का विषय आत्म अन्वेषण की यात्रा कार्यशाला की शुरूआत कार्यक्रम के कन्वीनर डा० विजय के सम्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने सम्बोधन में मनोविज्ञान का वर्तमान जीवन में महत्त्व को बताया। डा० सिन्हा अपने व्याख्यान की शुरूआत खुद के प्रबन्धन से की। समावेशन इसका पहला पहलू है। डा० चंद्रान्शु ने कहा कि कितना आप चाहते हैं। इसमें, भागीदारी, न्योता देना, उनसे बातचीत करना आदि शामिल है। अनुराग या स्नेह इसका दूसरा पहलू है। अनुराग कि आवश्यकता यह दिखाती है की आप दूसरों से कितने करीब हैं। अभिव्यक्ति इसका तीसरा पहलू है। अभिव्यक्ति यह दिखता है कि आपका व्यवहार कैसा है। कार्यशाला को रोचक बनाने के लिए उन्होंने इन तीनों पहलुओं का एक मनोवैज्ञानिक अंकित खेल खिलाया और अंत में इसी आधार पर खुद कोरखने के लिए कहा। निष्कर्ष में डॉक्टर सिन्हा ने कहा इसी आधार पर आप अपने व्यवसाय का चुनाव कर सकते हैं। प्रोग्राम वर्कशॉप की अध्यक्षता अध्यक्षता ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट खेल का कन्वीनर डॉक्टर रचना सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कार्य करने की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। गुणवत्ता में इजाफा किया जा सकता है।

## वाराणसी के पूर्व कांग्रेस सांसद राजेश मिश्रा भाजपा में शामिल

वाराणसी। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा मंगलवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वह वर्ष 2004 से 2009 तक वाराणसी से कांग्रेस के सांसद थे। मिश्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा महासचिव अरुण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और पार्टी के मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की। मिश्रा लंबे समय से कांग्रेस नेतृत्व से नाराज बताए जा रहे थे। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि वह कांग्रेस के टिकट पर उत्तर प्रदेश की भदोही सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे थे, लेकिन यह सीट गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। भदोही में वर्तमान में भाजपा के रमेश चंद्र बिंद सांसद हैं।

## झाड़ी में मिला मंदिर के बुजुर्ग पुजारी का शव

बलिया। जिले में बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह एक पुजारी का शव झाड़ी में पाया गया। पुलिस के अनुसार बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह बाबा अवनीनाथ महादेव मंदिर के पुजारी सिंगारी दास (72) का शव मंदिर से थोड़ी दूर झाड़ी से बरामद किया गया। मंगलवार सुबह अवनी नाथ बाबा की पूजा-अर्चना करने जाने वाले लोगों की नजर सड़क के किनारे पड़े इस शव पर पड़ी तो ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है। उन्होंने बताया कि पुजारी के नाक से रक्तस्राव दिख रहा है तथा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एएसपी ने बताया कि पुजारी सिंगारी दास बड़सरी गांव के ही निवासी थे तथा तकरीबन तीस वर्षों से बाबा अवनीनाथ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे।

संक्षेप

## सिर में चोट लगने से पाक जूडो खिलाड़ी की मौत

कराची। पाकिस्तान के खैबर पख्तूंख्वा की एक युवा महिला जुडोका की प्रतिस्पर्धा के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई।20 वर्ष की फिजा शेर अली को मरदान में यूथ टैलेंट हंट के दौरान 44 किलोवर्ग के मुकाबले में सिर में चोट लगी थी। पाकिस्तान जूडो महासंघ के एक अधिकारी ने कहा कि वह पेशावर में बीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और ट्रायल के लिये मरदान आई थी। वह इस खेल में नई थी। उन्होंने बताया कि वह मैच के दौरान तुरंत गिर गई और फिर उठ नहीं सकी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इससे कुछ दिन पहले ही 16 वर्ष की एक टेनिस खिलाड़ी की भी आईटीएफ जूनियर मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

## पाकिस्तानी मुक्केबाज साथी के बैग से पैसे चुराकर फरार

**कराची।** पाकिस्तान का एक मुक्केबाज अपने साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद इटली में गायब हो गया है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह खुलासा किया।जोहेब रशीद ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गया था। महासंघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इटली में पाकिस्तान दूतावास को इसकी जानकारी दी और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा , जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिये बहुत शर्मनाक है।वह वहां ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। जोहेब ने पिछले साल एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नासिर ने बताया कि महिला मुक्केबाज लौरा इकराम अभ्यास के लिये गई थी और जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली। इसके बाद वह होटल से गायब ही हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है लेकिन वह किसी के संपर्क में नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान का कोई खिलाड़ी विदेश जाकर यूं गायब हुआ हो।

# धर्मशाला में इंग्लैंड और प्रशंसकों को घर जैसा माहौल



**धर्मशाला।** भारत दौरे पर नतीजे इंग्लैंड के अनुरूप नहीं रहे लेकिन उनके प्रशंसकों के समर्थन में कोई कमी नहीं आयी है और इस गुरुवार से शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट मैच के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक यहां पहुंचे हैं। टेस्ट मैच शुरू होने से दो दिन पहले ही हजारों की संख्या में प्रशंसक इस पर्वतीय शहर में पहुंच गये है। बार्मी आर्मी ने श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के प्रशंसकों को लगातार सहायता प्रदान की है, लेकिन हिमालय की खूबसूरत पृष्ठभूमि के बीच टेस्ट क्रिकेट देखने की संभावना ने उनके और अधिक प्रशंसकों को आकर्षित किया है। दिल्ली हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए सुबह की तीन उड़ानें इंग्लैंड के प्रशंसकों से भरी थी। इनमें से एक विमान में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कुछ भारतीय प्रशंसकों के साथ मौजूद थे। गग्गल हवाई अड्डे पर पहुंचने पर इंग्लैंड के प्रशंसक पृष्ठभूमि में बर्फ से ढके पहाड़ों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। साल के इस समय असामान्य रूप से सर्द मौसम इंग्लैंड के प्रशंसकों को घर जैसा महसूस करा रहे है। लिवरपूल से यहां आये एक प्रशंसक ने कहा, इस तरह का मौसम हम अप्रैल और मई में इंग्लैंड में देखते हैं। यह हमारे लिए गर्मियों की शुरुआत जैसा लगता है और हम इसे पसंद कर रहे हैं। यह जगह बिल्कुल आश्चर्यजनक है। श्रृंखला अगर 2-2 की बराबरी पर होती तो यह और रोमांचक होता। प्रशंसकों के साथ इंग्लैंड के खिलाड़ियों को भी यह जगह और यहां का मैदान काफी रास आ रहा है। टीम के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बीच में मिलने वाले समय के दौरान यहां के बर्फ से ढके हुए पर्वतों को निहारते दिखे। अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने को तैयार जॉनी बेयरस्टो ने भी माना कि यह दुनिया के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। उन्होंने कहा, यह बिल्कुल आश्चर्यजनक है, मुझे नहीं लगता कि दुनिया में इससे अधिक सुंदर मैदान है। केप टाउन (न्यूलैंड्स मैदान) मेरी पसंदीदा जगहों में से एक है। लेकिन जब आप यहां के बर्फ से ढके पहाड़ों और यहां के माहौल को देखे तो यह काफी अविश्वसनीय है। यहां की पिच भारत के अन्य मैदानों की तरह सपाट है लेकिन सर्द मौसम के कारण तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, ' जाहिर तौर पर दिन की शुरुआत में नमी के कारण तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी लेकिन बाद में यह स्पिनरों के लिए भी मददगार होगा। बेयरस्टो का भी मानना है पिच से किसी भी टीम को अनुचित लाभ नहीं मिलेगा।



### आंकड़ों का दुर्लभ संयोग : अश्विन और बेयरस्टो एक ही साथ पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते दिखेंगे। ऐसा पहला मौका साल 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये मैच में आया था जब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल किया था। दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100 वां टेस्ट खेला था। इस इकलौता मौका है जब तीन खिलाड़ियों ने एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। इसके बाद 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह केवल दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के ठीक एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच के दौरान एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया है। वह हाल ही में खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में भारत पहले ही 3- । की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

## भारतीय मुक्केबाजों का खराब प्रदर्शन जारी

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली)।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर यहां चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश कर रहे चाहर सोमवार को यहां ईरान के 2021 के एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज करके वापसी की लेकिन तीसरे राउंड में वह यह प्रदर्शन बरकरार नहीं रख पाए। मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड का समय बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और भारतीय मुक्केबाज को नॉकआउट कर दिया। इस तरह से भारत के अभी तक जो चार मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

# सपना कश्यप बनी यूपी सीनियर महिला हैंडबॉल की कप्तान

- 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम करेगी प्रतिभाग

**लखनऊ।** कानपुर की सपना कश्यप को हाथरस (उत्तर प्रदेश) में 7 से 12 मार्च 2024 तक होने वाली 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए घोषित उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। उपकप्तान गोरखपुर की आरती यादव होंगी।

उत्तर प्रदेश की चयनित टीम की घोषणा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित शिविर की समाप्ति के बाद उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने की। इसी के साथ संघ के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने टीम में चयनित खिलाड़ियों को किट प्रदान करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम ने इस चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था। इस बार टीम में 7 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल है। खिलाड़ियों ने शिविर में कड़ी मेहनत की है और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके बेहतर प्रदर्शन का विश्वास है।



**उत्तर प्रदेश सीनियर महिला हैंडबॉल टीम**
सपना कश्यप -कप्तान, विशाल्या (कानपुर), आरती यादव- उपकप्तान, प्रिया, निक्की, ज्योति चौहान, समद्धि सिंह, युक्ता (गोरखपुर), रितु पाल, आफरीन, खुशबू (लखनऊ), अंकिता, सुनीता, राधना, कनीजफातिमा (बस्ती), सताक्षी, तेजस्विनी सिंह, आकांक्षा सिंह, रागिनी शर्मा (एसएसबी), आराधना त्रिपाठी, मुस्कान तिवारी (अयोध्या), मुख्य कोच : मो.तौहीद (लखनऊ), कोच : अंकिता रत्न (लखनऊ), हिना खातून (बलरामपुर)।

# मुंबई इंडियन्स को हराकर दिल्ली कैपिटल्स शीर्ष पर

**नयी दिल्ली।** कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराकर तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स की पारी को आठ विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की यह पांच मैचों में चौथी जीत है और टीम आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई की टीम की यह पांच मैचों में दूसरी हार है। डब्ल्यूपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए यह मुंबई की पहली हार है।

## फ्रेंच ओपन: सात्विक-चिराग और त्रिसा- गायत्री का जीत से आगाज

**पेरिस ।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। मलेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत है। साल 2022 की चैम्पियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह दोनों महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है।






# सेंसेक्स में गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 195 अंक के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 के नीचे आ गया।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में नुकसान से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 195.16 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,677.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय सेंसेक्स 460.04 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 49.30 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार आज सीमित दायरे में रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में बयान से पहले वैश्विक स्तर पर सतर्क रुख का असर घरेलू बाजार पर दिखा। चीन से कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन उपायों के अभाव में धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस चार-चार प्रतिशत से अधिक नुकसान में रहीं। इसके अलावा, नेस्ले, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी गिरावट रही।

### रुपया 82.89 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 82.89 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में अपने प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा शेयर बाजार की कमजोर धारणा के बीच रुपये में गिरावट देखी गई। बाजार सूत्रों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी कोषों की सतत निकासी के कारण रुपया दबाव में रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 82.88 से 82.93 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 82.89 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# वृद्धि के लिए व्यावसायिक सत्यनिष्ठा महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि के लिए व्यावसायिक सत्यनिष्ठा बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कंपनियों की पहली जिम्मेदारी ऐसे बहीखातों को तैयार करने की है, जिन पर भरोसा किया जा सकता है। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरमैन ने जोर देकर कहा कि लगातार सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि पारदर्शिता और शासन व्यवस्था का प्रत्येक तत्व ठीक से और पूरी क्षमता से काम करे। वह यहां राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण द्वारा पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग और लेखापरीक्षा गुणवत्ता - कॉरपोरेट प्रशासन के स्तंभ विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

भूषण ने कहा, कंपनियों की पहली जिम्मेदारी ऐसे बहीखातों को तैयार करने की है, जिन पर भरोसा किया जा सकता है। कई मामलों में, कमजोर लेखा प्रथाओं के कारण वित्तीय घोटाले



हुए हैं। यदि रिकॉर्ड सही तरह से नहीं रखे गए हैं, वित्तीय परिणाम सटीक नहीं हैं, तो पूरे कारोबारी माहौल को नुकसान होता है।

उन्होंने कहा कि अगर वित्तीय स्थिति निष्पक्ष रूप से नहीं बताई गई, तो संस्थानों और निवेशकों से पैसा जुटाना मुश्किल हो जाता है। सम्मेलन में एनएफआरए के चेयरमैन अजय भूषण प्रसाद पांडेय ने कहा कि जब नियामक ने काम शुरू किया, तो उसने निरीक्षणात्मक नजरिए की जगह प्रवर्तन नजरिए पर ध्यान केंद्रित किया, क्योंकि उस दौर में वक्त की मांग यही थी।

## बेरोजगारी दर घटकर 3.1 % पर

**नयी दिल्ली।** सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई।

# कर्नाटक सरकार पर बरसे नड्डा

## आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने का लगाया आरोप

एजेंसी

चिकोडी (कर्नाटक)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने पाकिस्तान समर्थक नारे के मुद्दे पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और उसके नेतृत्व पर जोरदार निशाना साधते हुए मंगलवार को सवाल किया कि क्या वे पाकिस्तान की भाषा बोलने के लिए पार्टी चला रहे हैं और क्या वे भारत में पड़ोसी देश के प्रतिनिधि हैं। पिछले सप्ताह शहर के लोकप्रिय रेस्तरां द रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कर्नाटक में कांग्रेस और उसकी सरकार पर आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन के समर्थकों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में उनकी जीत का जश्न मनाते हुए विधान सौध में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। घटना का एक वीडियो टीवी चैनलों पर प्रसारित किया गया और यह सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।



फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट में नारे लगाये जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने सोमवार को घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। नड्डा ने यहां बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव के नतीजे हमारे पक्ष में नहीं आए हैं, लेकिन अब तक आपको और कर्नाटक की जनता को भी यह एहसास हो गया होगा कि जिस सरकार को उन्होंने चुना है वह उन्हें धोखा दे रही है और उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, अगर कर्नाटक में कुछ भी मुफ्त उपलब्ध है तो वह आतंकवाद है, आतंकवादियों को प्रोत्साहन और संरक्षण मिल रहा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कैसी स्थिति आ गई है। विधान सौध में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे हैं और कांग्रेस के मुख्यमंत्री (सिद्धरमैया) और उपमुख्यमंत्री (डी. के. शिवकुमार) मूकदर्शक बने हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां से आते हैं? क्या वह इसी राज्य से नहीं हैं? सांसद वह व्यक्ति हैं जो उनके (खरगे के) बगल में बैठते हैं, जिसकी जीत पर (राज्यसभा चुनाव में) पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं।

# वंशवाद वाली पार्टियां देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं : शाह

जलगांव (महाराष्ट्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सवाल किया कि वंशवाद को बढ़ावा देने वाली और आंतरिक लोकतंत्र से रहित पार्टियां देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं। उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक युवा रैली में बोलते हुए उन्होंने लोगों से उन पार्टियों को वोट देने का आग्रह किया जो लोकतंत्र को मजबूत करें।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, जो पार्टियां अपने संगठनों में लोकतंत्र के बजाय वंशवादी राजनीति (परिवारवाद) को बढ़ावा देती हैं, वे देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं? उन पार्टियों को वोट दें जो लोकतंत्र को मजबूत करें। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक वोट देने का मतलब भारत और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देना है। उन्होंने कहा, भाजपा को वोट देने का मतलब युवाओं के शानदार भविष्य के लिए मतदान करना है।



संक्षेप

## डीके शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन का मामला खारिज

नयी दिल्ली/बेंगलुरु। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और मामले में एक अन्य आरोपी के खिलाफ 2018 का धनशोधन का एक मामला मंगलवार को रद्द कर दिया। शिवकुमार ने अपने खिलाफ धनशोधन जांच को रद्द करने के लिए शीर्ष अदालत को धन्यवाद दिया और कहा कि केंद्रीय एजेंसियां आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की योजना बना रही हैं, लेकिन वह भी इसके लिए तैयार हैं। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 2019 के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया और शिवकुमार और कर्नाटक भवन (दिल्ली) के कर्मचारी ए हनुमंथैया द्वारा दायर अपील मंजूर कर ली। पीठ ने कहा, 'अपील मंजूर की जाती है, पीएमएलए के तहत अपीलकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही रद्द की जाती है। शिवकुमार कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख भी हैं।

# विदेश मंत्री ने द. कोरिया के पीएम से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा



एजेंसी

सियोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में यहां आये हैं। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, सियोल में आज दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा कल होने वाली संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं।

जयशंकर की इस यात्रा से पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का मौका भी प्रदान करेगा। दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से मुलाकात करने से पहले जयशंकर ने वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चांग हो-जिन से भेंट की तथा उनके साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परस्पर हित के विषयों तथा सम-सामयिक क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्थक वार्ता की। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी दक्षिण कोरिया की यात्रा की अच्छी शुरुआत हुई। आज सियोल में राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन से मिला।

# उ. कोरिया ने अमेरिका-द. कोरिया को धमकाया

एजेंसी

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को उसके खिलाफ हमले की साजिश बताते हुए मंगलवार को कहा कि वह जवाबी कार्वाई करने से पीछे नहीं हटेगा। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने फ्रीडम शील्ड नामक एक कंप्यूटर-सिम्युलेटेड (ऐसी मशीन जो प्रशिक्षण या अनुसंधान के उद्देश्य से वांछित वातावरण का अनुभव देती है) कमांड पोस्ट और युद्ध क्षेत्र में प्रशिक्षण का 11 दिवसीय अभ्यास शुरू किया। सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह एक संप्रभु राष्ट्र के लिए सैन्य खतरा पैदा करने की साजिश के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी निंदा करता है।



# मालदीव के राष्ट्रपति ने जताया भारतीय सैनिको के खिलाफ कड़ा विरोध

एजेंसी

माले। भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आयी एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com